Daily THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Tuesday, 08 April 2025 ● Year : 03 ● Issue : 83 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

धन का मोह जीवन को अशांत बनाता है।

-प्रेमचंद

Sonam Kapoor's German Vacation...

SHARE

सेंसेक्स	:	73,137.90
निफ्टी	:	22,161.60

SARAFA

सोना	:	8,475
चांदी	:	103.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

आज होगी कैबिनेट की बैठक लिए जाएंगे कई अहम निर्णय

RANCHI : मंगलवार को झारखंड मंत्रिमंडल की बैठक होगी। मंत्रिमंडल की बैठक दोपहर एक बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद् कक्ष में होगी। यह जानकारी सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने सोमवार को दी है। मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगाई जाएगी।

मोदी ने 'स्वस्थ विश्व' बनाने की दोहराई प्रतिबद्धता

NEW DELHI : मंगलवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जारी अपने संदेश में 'स्वस्थ विश्व' बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं पर लगातार ध्यान केन्द्रित करेगी। लोगों के स्वास्थ्य के मद्देनजर योजनाओं और संसाधन बढ़ाने पर निवेश जारी रहेगा। अच्छा स्वास्थ्य हर समृद्ध समाज की नींव है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, विश्व स्वास्थ्य दिवस पर,आइए हम स्वस्थ विश्व बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराएं। हमारी सरकार स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केन्द्रित करती रहेगी तथा लोगों के स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं में निवेश करती रहेगी। अच्छा स्वास्थ्य हर समृद्ध समाज की नींव है! उल्लेखनीय है कि इस साल विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम 'स्वस्थ शुरूआत, आशापूर्ण भविष्य है'।

दुबई के क्राउन प्रिंस आज आएंगे भारत

NEW DELHI : दुबई के क्राउन प्रिंस यूएई के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम 8-9 अप्रैल को भारत की यात्रा पर आएंगे। दुबई के क्राउन प्रिंस के रूप में यह उनकी भारत की पहली आधिकारिक यात्रा होगी। उनके साथ कई मंत्री, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और एक उच्चस्तरीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल भी होगा। विदेश मंत्रालय के अनुसार 8 अप्रैल को प्रधानमंत्री क्राउन प्रिंस के लिए एक दोपहर के भोजन की मेजबानी करेंगे। क्राउन प्रिंस, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ भी बैठक करेंगे। क्राउन प्रिंस मुंबई का भी दौरा करेंगे।

नासिक में बांग्लादेशी मां-बेटा अरेस्ट, पति की तलाश

MUMBAI : नासिक जिले के जुन्नर में एक निमार्णाधीन इमारत में पुलिस ने छापा मारकर बांग्लादेशी मां-बेटा को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस महिला के पति की तलाश कर रही है। इस मामले की छानबीन जुन्नर पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। नासिक जिले के पुलिस उपअधीक्षक भाग्यश्री धीरबस्सी ने सोमवार को मीडिया को बताया कि पुणे के आतंकवाद निरोधक दस्ते ने इन बांग्लादेशी नागरिकों के बारे में इनपुट दिया था। इस पर पुलिस ने जुन्नर शहर के शिपाई मोहल्ला स्थित रिजवान हाइट्स बिल्डिंग नामक निमार्णाधीन इमारत में छापा मारा और साथी उर्फ सनम मंडल को उसके छोटे बच्चे के साथ हिरासत में ले लिया।

रामनवमी पर उमड़ा आस्था का ज्वार : जमशेदपुर में सोमवार को 197 रामनवमी अखाड़ों ने विसर्जन जुलूस निकाला। अधिकांश अखाड़े सूर्य ढलने के बाद निकले, तो विशालकाय झंडे, अखाड़ों में लाठी, भाले, तलवार आदि के करतब देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी उमड़े। बच्चों के साथ महिलाओं ने भी इस उत्सव का आनंद लिया। इस दौरान कोल्हान प्रमंडल के डीआईजी मनोज रतन चौथे भी शहर में मौजूद रहे, जहां उन्होंने डीसी अनन्य मित्तल व एसएसपी किशोर कौशल के साथ साकची स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में अखाड़ों पर नजर रखी।

बिना रजिस्ट्रेशन हज में पहुंचने वालों को रोकने के लिए फैसला

हज से पहले सऊदी में अस्थायी रूप से भारत-पाक का वीजा सस्पेंड

AGENCY NEW DELHI : अस्थायी रूप से सऊदी अरब ने 14 देशों के लिए वीजा देने की सर्विस को सस्पेंड कर दिया है। इन देशों में भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश शामिल हैं। उमरा, बिजनेस और फैमिली विजिट के लिए मिलने वाले वीजा पर जून महीने के मध्य तक बैन रह सकता है। इसी दौरान मक्का में हज यात्रा होगी। जानकारी के अनुसार, यह फैसला इसलिए लिया गया है, ताकि लोगों को बिना पूरे रजिस्ट्रेशन के हज करने से रोका जा सके। हालांकि, जिन लोगों के पास उमरा का वीजा है वे 13 अप्रैल तक सऊदी अरब पहुंच सकते हैं। इस साल हज यात्रा 4 जून से 9 जून तक रहेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रभावित यात्रियों से नए नियमों का पालन करने को कहा गया है। अगर कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो अगले पांच साल तक सऊदी अरब में उसकी एंट्री पर रोक लगाई जा सकती है। अधिकारियों ने कहा है कि 13 अप्रैल 2025 उमरा वीजा जारी करने की अंतिम तारीख होगी। इस तारीख के बाद इन 14 देशों के नागरिकों को हज यात्रा पूरी होने तक नए वीजा नहीं दिए जाएंगे।

बांग्लादेश सहित 12 अन्य देशों को भी इस श्रेणी में किया गया है शामिल

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कोटा प्रणाली लागू

रिर्पोटों में कहा गया है कि यह प्रतिबंध इसलिए लगाया गया है, क्योंकि कई विदेशी नागरिक उमरा या विजिट वीजा पर सऊदी अरब आते हैं और फिर गैर-कानूनी रूप से हज में भाग लेने के लिए वहीं रुक जाते हैं। इससे भीड़ बहुत बढ़ जाती है और गर्मी में भी इजाफा होता है। सऊदी अरब में हज के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एक कोटा प्रणाली लागू है, जिसके तहत हर देश के तय संख्या में हज यात्रियों को यात्रा करने की अनुमति दी जाती है। लेकिन कई बार लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं। सऊदी अरब हर देश के हिसाब से हज का कोटा तैयार करता है। इनमें इंडोनेशिया का कोटा सबसे ज्यादा है। इसके बाद पाकिस्तान, भारत, बांग्लादेश, नाइजीरिया का नंबर आता है।

- जिन लोगों के पास है उमरा का वीजा, 13 अप्रैल तक पहुंच सकते हैं सऊदी अरब
- आदेश का उल्लंघन करने पर पांच साल सऊदी अरब में एंट्री पर लग सकती है रोक
- उमरा, बिजनेस व फैमिली विजिट के लिए वीजा पर जून के मध्य तक रह सकती है बैन

बिना वीजा भी हज के लिए पहुंचे यात्री

हर साल हज पर जाने वाले हजारों यात्री ऐसे होते हैं, जिनके पास इसके लिए वीजा नहीं होता है। पैसों की कमी की वजह से इस तरह के यात्री गलत तरीकों से मक्का पहुंचते हैं। पिछले साल भी हज से पहले सऊदी ने बिना रजिस्ट्रेशन वाले हजारों हज यात्रियों को मक्का से हटाया था। सऊदी अरब के अधिकारियों के मुताबिक, मक्का पर जलवायु परिवर्तन का गहरा असर हो रहा है। यहां हर 10 साल में औसत तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस बढ़ रहा है। 2023 में हज पर गए 240 हज यात्रियों की मौत हुई थी। इनमें से ज्यादातर इंडोनेशिया के थे। बता दें कि 2024 में हजयात्रा 14 जून से 29 जून के दौरान रखी गई थी। हजयात्रा में बहुत ज्यादा तीर्थयात्रियों के आने से गर्मी का प्रभाव बढ़ गया था।

इस्लाम के पांच फर्ज में से एक है हज

बता दें कि इस्लाम धर्म में 5 फर्ज में से एक फर्ज हज है। मान्यताओं के मुताबिक, हर मुस्लिम व्यक्ति को जीवन में कम से कम एक बार इस फर्ज को पूरा करना होता है। साल 628 में पैगंबर मोहम्मद ने अपने 1400 शिष्यों के साथ एक यात्रा शुरू की थी। ये इस्लाम की पहली तीर्थयात्रा बनी और इसी यात्रा में पैगंबर इब्राहिम की धार्मिक परंपरा को फिर से स्थापित किया गया।

व्यापार युद्ध की आशंका में शेयर मार्केट धड़ाम, 2227 अंक गिरा सेंसेक्स

MUMBAI @ PTI : सोमवार को अमेरिका के जवाबी शुल्क को लेकर चिंता के बीच भारत समेत दुनिया भर के बाजारों में भारी गिरावट आई। स्थानीय शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 2226.79 अंक का गोता लगा गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 743 अंक लुढ़क गया। दस माह में यह शेयर बाजार में सबसे बड़ी गिरावट है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क बढ़ाए जाने और चीन के जवाबी कदम से आर्थिक नरमी की आशंका के बीच बाजार में गिरावट आई है। 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और यह 2226.79 अंक यानी 2.95 प्रतिशत के नुकसान के साथ 73,137.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 3,939.68 अंक यानी 5.22 प्रतिशत तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 742.85 अंक यानी 3.24 प्रतिशत टूटकर 22,161.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 1,160.8 अंक तक लुढ़क गया था। हिंदुस्तान यूनिलीवर को छोड़कर सेंसेक्स में शामिल सभी शेयर नुकसान में रहे। टाटा स्टील में सबसे ज्यादा 7.33 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि लार्सन एंड टुब्रो 5.78 प्रतिशत के नुकसान में रहा। इसके अलावा टाटा मोटर्स, कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी नीचे आए।

- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 743 अंक लुढ़का, 10 माह में सबसे बड़ी गिरावट
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क बढ़ाए जाने व चीन के जवाबी कदम का नतीजा
- हिंदुस्तान यूनिलीवर को छोड़कर सेंसेक्स में शामिल सभी शेयर नुकसान में रहे

यूरोप के प्रमुख बाजारों में भारी बिकवाली

एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग 13 प्रतिशत से अधिक गिर गया, जापान का निक्की 225 लगभग आठ प्रतिशत टूटा, शंघाई एसएसई कम्पोजिट सात प्रतिशत और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी पांच प्रतिशत से अधिक नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी भारी बिकवाली का दबाव रहा है और दोपहर के कारोबार में इसमें छह प्रतिशत तक की गिरावट रही। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 4.13 प्रतिशत के नुकसान में रहा, जबकि मिडकैप में 3.46 प्रतिशत की गिरावट आई। नायर ने कहा, हालांकि, अन्य देशों के मुकाबले भारत पर प्रभाव सीमित होगा, लेकिन निवेशकों को इस दौरान सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 3,483.98 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.61 प्रतिशत की गिरावट के साथ 63.21 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

रांची सहित अन्य जगहों के लिए येलो अलर्ट

आज से बदलेगा मौसम, 6 जिलों में होगी हल्की बारिश

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड की राजधानी रांची और अन्य इलाकों में आठ अप्रैल यानी मंगलवार को मौसम का मिजाज एक बार फिर बदलेगा। हल्की बारिश होने की संभावना है। साथ ही 30-40 किमी की गति से तेज हवा चलने की आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने सोमवार को येलो अलर्ट जारी किया है। रांची के अलावा जिन इलाकों में गर्जन और तेज हवा चलेगी उनमें खूंटी, रामगढ़, गुमला और हजारीबाग शामिल है। दक्षिण और उत्तर-पूर्वी जिलों में वज्रपात और 30-40 किमी की गति से तेज हवा चलने की आशंका है। इन जिलों के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

- 30-40 किमी की गति से तेज हवाएं चलने की मौसम विभाग ने जताई आशंका

आक्रामक हुआ गाजा पट्टी में छिड़ा युद्ध, इजरायली शहरों पर हमास ने दागे रॉकेट

NEW DELHI : इजरायल और फिलिस्तीन के आतंकी समूह हमास के बीच गाजा पट्टी में छिड़ा युद्ध और आक्रामक हो गया है। हमास ने इजरायल के हमलों का जवाब तगड़ा जवाब दिया है। हमास ने इजरायल के दक्षिण में शहरों पर रॉकेटों की बौछार की। इजरायली सुरक्षा बलों (इजरायल डिफेंस फोर्सेज) ने बताया कि करीब 10 प्रोजेक्टाइल दागे गए, लेकिन अधिकतर को सफलतापूर्वक रोक दिया गया। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने 'एक्स' हैंडल पर कहा कि इससे पहले रात को गाजा से प्रक्षेपास्त्र दागने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले लांचर को मार गिराया गया। हमारे सुरक्षा बल अपने नागरिकों को किसी भी खतरे से बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

रामनवमी में माहौल बिगाड़ने की साजिश, हनुमान वाटिका में मिला मांस

जमकर हुआ प्रदर्शन, धरना पर बैठे आक्रोशित लोग

PHOTON NEWS GHATSILA : सोमवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र में रामनवमी के दौरान माहौल बिगाड़ने की साजिश का मामला सामने आया। यहां नरसिंहगढ़ स्थित हनुमान वाटिका के समीप एक झंडे के नीचे मांस मिला। इसके बाद सैकड़ों सनातनियों ने जमकर प्रदर्शन किया। सनातनियों ने नरसिंहगढ़ में एनएच-18 पर टायर जलाकर सड़क को दोनों ओर से जाम कर दिया। विवादित स्थल पर आकर धरना पर बैठ गए। घटना से आक्रोशित धालभूमगढ़ के दुकानदारों ने भी अपनी-अपनी दुकानें, गोदाम व प्रतिष्ठान बंद कर दी। इस दौरान दोषियों को पकड़ने के लिए प्रशासन के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी हुई।

एनएच-18 को भी देर तक कर दिया था जाम, आश्वासन पर माने

मामले की गंभीरता को देखते कई अधिकारी जवानों के साथ धालभूमगढ़ पहुंचे और मामले को संभाला। धरना पर बैठे लोगों को इन अधिकारियों ने काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन उन लोगों को कहना था कि इस स्थान पर लगातार धार्मिक भावनाओं को आहत करने के उद्देश्य से घटना को अंजाम दिया जा रहा है, लेकिन पुलिस सिर्फ आश्वासन देती है। पिछली घटना भी 14 माह पहले हुई थी, लेकिन उस मामले में आज तक किसी को पकड़ा नहीं गया। अभी किस भरोसे पर हम लोग धरना से उठ जाएं।

किसी भी हाल में बख्शे नहीं जाएंगे दोषी

जब इन अधिकारियों से बात नहीं बनी तो दोपहर करीब 11.30 बजे ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग पहुंचे। उन्होंने विवादित स्थल पर धरना दे रहे सनातनियों से मामले की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि दोषी किसी भी हाल में दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। पुलिस विशेषज्ञों की टीम गठित कर हर बिंदु से पूरे मामले की जांच करेंगी। दोषी हर हाल में पकड़ा जाएगा। ग्रामीण एसपी ने जाम को समाप्त कर थाने में आकर बात करने की अपील की। इसके बाद सभी सनातनी जाम समाप्त करने पर राजी हुए और दोपहर लगभग 12.15 बजे एनएच-18 से जाम समाप्त हुआ। धालभूमगढ़ थाना में ग्रामीण एसपी ने सनातनियों के साथ वार्ता की, जिसमें एडीएम अनिकेत सचान, एसडीएम, एसडीपीओ एवं अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

चिंताजनक तापमान बढ़ने से उपयुक्त वातावरण में उत्पन्न हो रही प्रतिकूलता

जलवायु परिवर्तन के कारण लगातार कम हो रहा केले का उत्पादन

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : जलवायु परिवर्तन ने प्रकृति के संतुलन और जीव-जंतुओं के जीवन को हर स्तर पर प्रभावित किया है। इसके कारण दुनिया के कई क्षेत्रों में अनेक पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं के अस्तित्व पर संकट तो आया ही है, मनुष्य का जीवन भी तमाम परेशानियों से घिरता जा रहा है। सेहत का संकट तो है ही, फलों और सब्जियां के उत्पादन पर भी तापमान बढ़ने के कारण असर दिख रहा है। हाल में हुए रिसर्च से यह जानकारी सामने आई है कि जलवायु परिवर्तन ने केले के उत्पादन में लगातार गिरावट की स्थिति पैदा कर दी है। रिसर्च करने वाले वैज्ञानिकों ने यहां तक अनुमान लगाया है कि बढ़ते तापमान के कारण वर्ष 2080 तक केले के बागान तबाह हो सकते हैं। इसकी वजह से लैटिन अमेरिका और कैरिबियन के कई इलाकों में निर्यात के लिए केले की खेती जारी रखना आर्थिक रूप से घाटे का सौदा हो जाएगा। भारत और चीन पर भी इसका असर पड़ेगा। इंग्लैंड की एक्सेटर यूनिवर्सिटी शोधकर्ताओं की अगुवाई में पूरी स्थिति का विशेष अध्ययन किया गया है।

इंग्लैंड की एक्सेटर यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने पूरी स्थिति का किया है विशेष अध्ययन

शोध के नतीजों को नेचर फूड नामक पत्रिका में विस्तार से किया गया है प्रकाशित

- क्लाइमेट चेंज के अनुकूलन में भारी बाधा उत्पन्न करती है सामाजिक-आर्थिक वजह
- लैटिन अमेरिका व अन्य देशों के कई क्षेत्रों में निर्यात के लिए साबित हो रहा घाटे का सौदा
- निर्यात की दृष्टि से भारत सहित कई देशों की अर्थव्यवस्था में केलों की भूमिका महत्वपूर्ण

तत्काल कारगर कदम नहीं उठाए गए तो 60% क्षेत्रों में मुश्किल हो जाएगा प्रोडक्शन

पर्याप्त निवेश के बिना उत्पादन अनिश्चित

अधिकांश केले का उत्पादन घनी आबादी वाले क्षेत्रों और बंदरगाहों के पास होता है, जिससे अधिक उपयुक्त क्षेत्रों में बदलने की संभावना सीमित हो जाती है। कम सिंचाई और गर्मी सहन करने वाली केले की किस्मों सहित अनुकूलन में पर्याप्त निवेश के बिना निर्यात किए जाने वाले केले के उत्पादन का भविष्य अनिश्चित दिखता है।

भारत केले का प्रमुख उत्पादक और उपभोक्ता

अध्ययन के अनुसार जलवायु परिवर्तन के कारण आने वाले दशकों में भारत और चीन में भी केले के उत्पादन में गिरावट आने की आशंका है। भारत विश्व में केले का प्रमुख उत्पादक और उपभोक्ता है। दुनियाभर के कुल केले के उत्पादन में भारत और चीन की हिस्सेदारी 27 फीसदी है। फिलीपींस, कोलंबिया इंडोनेशिया, एक्वाडोर और ब्राजील अन्य बड़े उत्पादक देश हैं। अध्ययन के दौरान वैज्ञानिकों ने अत्याधुनिक मॉडलिंग तकनीकों का उपयोग करके केले की उत्पादकता पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का आकलन किया है। भारत में 88 हजार हेक्टेयर में 297 लाख टन केले का उत्पादन होता है। केले का उत्पादन देश के लगभग सभी राज्यों में किया जाता है, लेकिन नेशनल हॉर्टिकल्चर बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और बिहार सात ऐसे राज्य हैं, जो देश का 75 प्रतिशत केला उत्पादित करते हैं।

50 रुपये महंगी हो गई घरेलू रसोई गैस

NEW DELHI : महंगाई के मोर्चे पर आम जनता को जोर का झटका लगा है। केंद्र सरकार ने घरेलू रसोई गैस और उज्ज्वला योजना के तहत मिलने वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की है। नई कीमतें आज आधी रात से लागू हो गईं। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में यह ऐलान किया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस वितरण कंपनियों की ओर से घरेलू रसोई गैस यानी एलपीजी की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई है। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि उज्ज्वला योजना और सामान्य श्रेणी के घरेलू रसोई गैस के ग्राहकों दोनों के लिए एलपीजी की कीमत में इजाफा किया गया है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने कहा, उज्जवला योजना के तहत अब 500 रुपये वाला सिलेंडर 550 रुपये में मिलेगा, जबकि अन्य ग्राहकों के लिए यह 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये प्रति सिलेंडर हो जाएगा।

जेपीएससी नियुक्ति घोटाला : जमानत पर सुनवाई

18 अभियुक्तों को हाईकोर्ट ने दी अग्रिम बेल, सीबीआई का विरोध

PHOTON NEWS RANCHI : सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट ने जेपीएससी नियुक्ति घोटाले में 18 अभियुक्तों को अग्रिम जमानत दे दी। इनमें राजेश्वर नाथ आलोक, अनिल कुमार यादव, सीमा सिंह, सुशमा नीलम सोरेंग, ज्योति झा, कामेश्वर राम, लकखी राम बासकी, हरिवंश पंडित,सुदर्शन मुर्मू,अनंत कुमार, सुदर्शन मुर्मू, राजीव कुमार,योगेंद्र प्रसाद, संतोष कुमार गर्ग, कमलेश्वर नारायण सहित अन्य लगों के नाम हैं। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद इस मामले में हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की गई थी।

- इसके पहले सीबीआई के स्पेशल कोर्ट ने खारिज कर दी थी याचिका

जेपीएससी-वन नियुक्ति घोटाले में दायर अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई न्यायाधीश रंगोन मुखोपाध्याय की अदालत में हुई। अग्रिम जमानत पर सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से अग्रिम जमानत का विरोध किया गया। हालांकि कोर्ट ने इसे अस्वीकार करते हुए अभियुक्तों की अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार की।

चिरकुंडा में युवक की निर्मम हत्या, कई लोग हिरासत में

रेलवे स्टेशन के पीछे हो रहा था प्रसाद का वितरण, इसी बीच हुआ हमला

PHOTON NEWS DHANBAD : चिरकुंडा में एक युवक की निर्मम हत्या कर दी गई है। इस मामले में संदेह के आधार पर कई युवकों को हिरासत में लिया गया है। दरअसल, कुमारधुबी रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित भवन के पीछे रविवार की रात 35 वर्षीय युवक कुंदन रवानी की कुछ लोगों ने धारदार हथियार व पीट-पीट कर हत्या कर दी। कुंदन रवानी भी आपराधिक प्रवृत्ति का था। वह हत्या के मामले में जेल जा चुका था। कुछ महीना पहले ही जेल से छूटकर आया था।

घटनास्थल का मुआयना करते पुलिस के जवान ● फोटोन न्यूज

बताया जाता है कि रविवार की रात कुमारधुबी रेलवे स्टेशन के पीछे बने हनुमान मंदिर के समीप रामनवमी के अवसर पर खिचड़ी का प्रसाद खिलाया जा रहा था। कुछ लोग वहां बज रहे गाना का आनंद ले रहे थे। इसी दौरान कुंदन रवानी भी उस कार्यक्रम में शामिल हो गया। वह अपने कुछ साथियों के साथ बैठकर शराब पीने लगा। इसी दौरान कुछ लोगों ने धारदार हथियार से उसपर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। खबर पाकर पहुंची चिरकुंडा थाना की पुलिस ने तत्काल कुंदन रवानी को एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया, लेकिन चिकित्सकों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल से मृतक के खून के नमूने लेकर फॉरेंसिक जांच कराएगी। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वहीं आरोपियों को पकड़ने के लिए जगह-जगह छापेमारी कर रही है। चिरकुंडा के थानेदार रामजी राय ने बताया कि पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। मामले का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा।

घाटशिला स्टेशन परिसर का जीर्णोद्धार देखने पहुंचे डीआरएम

GHATSILA : खड़गपुर रेल मंडल के डीआरएम आरके चौधरी सोमवार को घाटशिला रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे। डीआरएम ने घाटशिला स्टेशन परिसर और निर्माणाधीन नए स्टेशन भवन का निरीक्षण करने के बाद कार्य की गुणवत्ता को लेकर दिशा-निर्देश दिए एवं कार्य में तेजी लाने को कहा। उन्होंने कहा कि 2026 तक स्टेशन के नए भवन का कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। दोपहर 3.30 बजे डीआरएम आसनबनी स्टेशन की ओर रवाना हो गए। इस दौरान सीनियर डीएससी सहित रेलवे के अन्य अधिकारी भी थे। दोपहर लगभग सवा दो बजे घाटशिला स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-2 पर स्टेशन प्रबंधक ने उनका बुके से स्वागत किया। डीआरएम के आने की सूचना पर स्टेशन परिसर के बाहर लगे ठेला-खोमचा सहित अन्य दुकानों को पूरी तरह हटा दिया गया था। उनके आगमन को लेकर स्टेशन परिसर की साफ-सफाई भी की गई थी।

आदित्यपुर व बादामपहाड़ स्टेशन का डीआरएम ने किया निरीक्षण

यात्री सुविधाएं जल्द विकसित करने का निर्देश

PHOTON NEWS JSR: चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम तरुण हुरिया ने सोमवार सुबह टाटानगर रेलवे यार्ड का जायजा लिया। यहां माल डिपो की व्यवस्था और प्रबंधन की स्थिति का निरीक्षण किया। इसके साथ ही डीआरएम ने थर्ड लाइन निर्माण के लिए सबसे जटिल और समय लेने वाले टाटानगर यार्ड के प्रस्तावित काम के लिए इसका निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों से अतिरिक्त लाइन निर्माण और थर्ड लाइन निर्माण से जुड़ी जानकारी ली। इसके बाद डीआरएम सड़क मार्ग से सीधे आदित्यपुर स्टेशन पहुंचे। वहां के विकास कार्यों को देखा। डीआरएम ने स्टेशन पर वाटर हाइड्रेंट, शेड और टिकट काउंटर जल्द खोलने का निर्देश दिया। उन्होंने आदित्यपुर यार्ड और नई लाइन के निर्माण की स्थिति देखी। डीआरएम ने अधिकारियों को कहा है कि आदित्यपुर स्टेशन के यात्री सुविधाओं को जल्द से जल्द विकसित की जाएं। इसके बाद डीआरएम तरुण हुरिया स्थानीय अधिकारियों के साथ दोपहर 12 बजे के करीब बादामपहाड़ रवाना हुए। बादामपहाड़ रेलवे स्टेशन का निर्माण अमृतभारत स्टेशन योजना के तहत निर्माण किया जा रहा है। यहां स्टेशन बिल्डिंग भवन का निर्माण कार्य देखा। यहां काम को तेजी से करने का निर्देश दिया है। बादामपहाड़ में अभी तक भवन का निर्माण महज 20-30 प्रतिशत ही पूरा हुआ है। ऐसे में इस कार्य को तेजी से करने को कहा गया है। वेटिंग एरिया, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, टिकट काउंटरों का विकास समेत कई कार्य हो रहे है। इस दौरान सीनियर डीसीएम आदित्य कुमार चौधरी, सीसीआई संतोष कुमार भी साथ थे।

बादामपहाड़ में निरीक्षण करते डीआरएम तरुण हुरिया ● फोटोन न्यूज

शोभायात्रा निकालने वाली तीन समितियों को मिला पहला पुरस्कार

PALAMU : रामनवमी पर शोभायात्रा निकालने वाली विभिन्न समितियां सोमवार को सम्मानित की गयी। इन समितियों के पदाधिकारियों को सदर एसडीओ सुलोचना मीणा और एएसपी राकेश सिंह के हाथों मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। रामनवमी की शोभायात्रा में आकर्षक रथ निकालने वाले विश्व संघ, न्यू सुरभि क्लब, न्यू एकता स्टार क्लब को प्रथम पुरस्कार दिया गया। उपकार संघ, महामृत्युंजय संघ, शांति क्लब को द्वितीय और बजरंग बली सेवा समिति, नवजागृति संघ को तृतीय प्रकार पुरस्कार मिला। शोभायात्रा में देवी देवताओं का उत्कृष्ट मूर्ति निकालने वाले नवदीप संघ को प्रथम, न्यू दुकानदार संघ को द्वितीय, सर्वोदय संघ को तृतीय पुरस्कार दिया गया। चौक चौराहों को सजाने के लिए हॉकर संघ, जय बजरंग संघ, जेनरल के साथ पंचमी से नवमी तक शोभायात्रा में शामिल रहने वाले हिंदू सेना संघ और समाज कल्याण समिति को पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा शोभायात्रा में शामिल शामिल सभी पूजा संघों को सांत्वना पुरस्कार मिला। शोभायात्रा में राम भक्तों की सेवा में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले विभिन्न संस्थाओं और खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता अध्यक्ष युगल किशोर ने की। संचालन महामंत्री विजय ओझा ने किया। मौके पर सदर एसडीओ और एएसपी के अलावा शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद, भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी को माला, पगड़ी, शॉल, मोमेंटो और तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया।

प्रधानाध्यापक का छात्राओं से अश्लील वाट्सएप चैट वायरल

PALAMU : जिले के तरहसी प्रखंड के स्तरोनत उच्च विद्यालय सेलारी के प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय दुबे का विवादों से हमेशा रिश्ता रहा है। प्रभार लेने के बाद से अब तक एक दर्जन से अधिक विवादित मामलों में शामिल रहने के कारण इस विद्यालय की हमेशा किरकिरी हुई है। वर्तमान में प्रभारी प्रधानाध्यापक का छात्राओं के साथ अश्लील वाट्सएप चैट वायरल हुआ है। इसके बाद इन्हे कार्य मुक्त करने, एफआईआर दर्ज करने और गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग तेज हो गई है। हालांकि इस पर प्रभारी प्रधानाध्यापक ने फंसाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि 20 हजार रुपए ऐंठने को लेकर यह साजिश की गयी है। प्रधानाध्यापक का यह भी कहना है कि उन्होंने इस सिलसिले में साइबर थाना मेदिनीनगर में मामला भी दर्ज कराया है। सोमवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश महतो, सदस्य सह पूर्व अध्यक्ष कौशल शर्मा, रिटायर शिक्षक और स्थानीय निवासी बालेश्वर पांडे, ग्रामीण अजय साव ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक पर कई आरोप लगाए। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने कहा कि बार-बार प्रधानाध्यापक की हरकत छुपायी जा रही थी, लेकिन वर्तमान में उनका छात्राओं के साथ शर्मनाक वाट्सएप चैट वायरल हो रहा है। इससे स्कूल की प्रतिष्ठा तार-तार हो रही है। इस बार वे नहीं बच पाएंगे और कार्रवाई निश्चित तौर पर होगी। प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान में सदस्य कौशल शर्मा ने कहा कि प्रधानाध्यापक ने छात्राओं के साथ जिस तरह से बातें की है, उस पर कार्रवाई जरूर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में एफआईआर दर्ज कर प्रधानाध्यापक को गिरफ्तार करना चाहिए और उन्हें कार्यमुक्त भी किया जाना चाहिए।

रामनवमी जुलूस के लिए प्रशासन ने जगह-जगह रखे चलंत शौचालय

HAZARIBAG : रामनवमी महापर्व में जुलूस के दौरान श्रद्धालुओं व आमजन के सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने जगह-जगह अस्थायी व मॉड्यूलर शौचालय की व्यवस्था की है। अस्थायी शौचालय व मॉड्यूलर टॉयलेट की व्यवस्था जामा मस्जिद के पास मुख्य नाला रोड में रोड की बायीं ओर, जादो बाबू चौक के पास और बड़ा अखाड़ा के पास की है, जबकि सिर्फ अस्थायी शौचालय जैन मंदिर के सामने, गिलान रोड में, खिरगांव से कूद और घोड़ा अस्पताल के पास उपलब्ध कराया गया है। मॉड्यूलर टॉयलेट मोहन सिनेमा के पास था। इसके अलावा 15 स्थानों पर सामुदायिक शौचालय व 6 स्थानों पर मॉड्यूलर यूरिनल की व्यवस्था की गई थी। इसी तरह प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 25 स्थानों पर पानी के टैंकर रखे गए थे।

जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की छात्राओं ने नेतरहाट-पतरातू में किया अध्ययन

PHOTON NEWS JSR : जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के भूगोल विभाग द्वारा स्नातक, सेमेस्टर-6 की छात्राओं के लिए तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जो 3 से 5 अप्रैल के बीच संपन्न हुआ। यह भ्रमण उनके पाठ्यक्रम के 'पर्यटन भूगोल' विषय के प्रायोगिक पत्र का हिस्सा था। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को कक्षा की सीमाओं से बाहर निकाल कर प्राकृतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक स्थलों का प्रत्यक्ष अध्ययन कराना था। शिक्षिका प्रीति और आरती शर्मा के नेतृत्व में छात्राओं ने झारखंड के पश्चिमी भाग में स्थित खूबसूरत पर्यटन स्थलों जैसे - नेतरहाट और पतरातू का भ्रमण किया। यहां झारखंड का सबसे ऊंचा लोध जलप्रपात है। सुग्गा छटा ने छात्राओं को प्राकृतिक पारिस्थितिकी के बारे में व्यावहारिक समझ प्रदान की, वहीं मैग्नोलिया सनसेट प्वाइंट और कोयल सनराइज प्वाइंट ने भी छात्राओं को अध्ययन का अवसर प्रदान किया। छात्राओं ने नासपाती बागान में क्षेत्रीय कृषि प्रणाली और मौसम की अनुकूलता का अवलोकन किया। ऊपरी घाघरी जलप्रपात, पाइन और साल के घने वन, पतरातू घाटी और झील जैसे स्थलों ने उन्हें जल प्रबंधन और पर्यटन की संभावनाओं के बारे में गहन जानकारी दी। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने देखा कि किस प्रकार ग्रामीण समुदाय पारंपरिक रूप से महुआ के फूलों को वन क्षेत्रों से एकत्र कर अपनी आजीविका चलाते हैं। यह क्रिया स्थानीय प्राथमिक आर्थिक गतिविधियों का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो मानव भूगोल की व्यावहारिक समझ को मजबूत करता है।

ट्रैकिंग के दौरान अभियान में शामिल छात्राएं ● फोटोन न्यूज

बच्चे और मां के बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता जरूरी : डॉ. गणेश

AGENCY LOHARDAGA : इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में पीएम श्री राजकीय कृत मध्य विद्यालय नवाडीपाड़ा के सभागार में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करतीं डॉ. आइलिन कुजूर ● फोटोन न्यूज

कार्यक्रम का उद्घाटन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन सह इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर गणेश प्रसाद और उसुर्ला हॉस्पिटल लोहरदगा की डॉक्टर आइलिन कुजूर ने किया। डॉ गणेश प्रसाद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 7 अप्रैल 2025 को मनाया जाने वाला विश्व स्वास्थ्य दिवस वर्ष भर चलने वाले मातृ और नवजात शिशु के स्वास्थ्य एवं कल्याण के अभियान की शुरूआत है। इस वर्ष का थीम ' स्वस्थ शुरूआत, आशा पूर्ण भविष्य है। स्वास्थ्य की शुरूआत माता के गर्भधारण से ही प्रारंभ हो जाती है। बच्चे और मां के अच्छे स्वास्थ्य के लिए जागरूकता जरुरी है और डाक्टरों की सलाह का भी पूरी तरह पालन करना जरूरी है।

स्वास्थ्य शारीरिक, मानसिक और सामाजिक तीनों तरह का स्वास्थ्य का समावेश है। हम सभी जन जागृति के माध्यम से इस अभियान को पूरा कर सकते हैं। डॉ आइलिन ने बताया कि जिस तरह मकान का नींव महत्वपूर्ण है, बचपन के स्वास्थ्य पर ही भविष्य का स्वास्थ्य निर्भर करता है । अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ आदतों को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। मधुसूदन लाल अग्रवाल इंटर महिला कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर स्नेह कुमार ने इस अवसर पर छात्रों को विश्व स्वास्थ्य संगठन के उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा की।

पीवीयूएनएल पावर प्लांट चालू कराने को लेकर डीसी ने की बैठक

RAMGARH : रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड में पीवीयूएनएल पावर प्लांट चालू कराने को लेकर रसदा, बलकुदरा, जयनगर और गेगदा ग्राम के निवासियों की उपस्थिति में सोमवार को डीसी चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय के सभागार में बैठक किया। इस दौरान बैठक में सर्वप्रथम डीसी ने पतरातू प्रखंड में पीवीयूएनएल पावर प्लांट चालू कराने को लेकर आ रही समस्याओं से सभी को अवगत कराया। इस दौरान सर्वे, भूअर्जन, नौकरी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर पीवीयूएनएल के अधिकारियों और संबंधित ग्राम के निवासियों के साथ चर्चा की गई। मौके पर ग्राम के निवासियों की ओर से अपने पक्ष को सभी के समक्ष रखा गया। इस पर डीसी और पीवीयूएनएल के अधिकारियों की ओर से कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गयी।

स्कूलों में 20 तक शत-प्रतिशत नामांकन का दिया गया लक्ष्य

PHOTON NEWS LATEHAR : टाऊन हॉल में सोमवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में नए सत्र 2025-26 में शत प्रतिशत नामांकन-पारगमन (ळ१ल्ल२३ङ्मल्ल) से संबंधित कार्यशाला हुई, जिसमें जिले के सभी सरकारी व गैरसरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं का 20 अप्रैल तक शत प्रतिशत नामांकन एवं पारगमन सुनिश्चित करने का लक्ष्य दिया गया।

उपायुक्त ने सभी प्रधानाध्यापक, सीआरपी, बीआरपी, बीईईओ व बीपीओ को जिम्मेदारी से कार्य करने को कहा गया। उपायुक्त ने सभी सीआरपी को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र के विद्यालयों में स्वयं रुचि लेते हुए शत प्रतिशत नामांकन कराएं। शिशु पंजी अद्यतन किए जाने के दौरान संबंधित शिक्षक अपने टैग किए गए टोला, मोहल्ला व गांव के विद्यार्थियों का शत प्रतिशत विद्यालय में नामांकन एवं ठहराव सुनिश्चित कराएंगे एवं अनिवार्य रूप से विद्यालय के प्रधानाध्यापक को अपना सहयोग प्रदान करेंगे।

इसके अतिरिक्त यूडीआईएसई प्लस, आधार, बैंक अकाउंट, मध्याह्न भोजन योजना (एसएमएस) पर भी विस्तृत चर्चा जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी-सह-प्राचार्य डायट द्वारा की गई।

प्रधानाध्यापकों को संबोधित करते उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ● फोटोन न्यूज

18 प्रतिशत मतांतरित वनवासी 82 फीसद का मार रहे हैं हक

ईसाई मिशनरियां समाज में 'पूतना' बनकर कर रहीं हिंदुओं का मतांतरण : परांडे

- बोकारो के नया मोड़ में प्रबुद्धजनों से विहिप के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ने किया विमर्श

PHOTON NEWS BOKARO : विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने सोमवार को बोकारो के नया मोड़ स्थित बिरसा सेवा आश्रम में आयोजित प्रबुद्ध जन विमर्श कार्यक्रम में प्रेस को संबोधित करते हुए ईसाई मिशनरियों और धर्मांतरण की गतिविधियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज ईसाई मिशनरियां ह्यपूतनाह्ल के रूप में समाज में वेश बदलकर हिंदू समाज को गुमराह कर रही हैं। इन प्रयासों को हर स्तर पर रोकना होगा। दवा व शिक्षा के नाम पर आपको आपके संस्कृति से तोड़ रही हैं। परांडे ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण को मारने आई पूतना सुंदर स्त्री के रूप में आई थी। भगवान ने उसे पहचान लिया था कि वह एक राक्षसी है। इसलिए उसका वध करना पड़ा। आज मिशनरियां भी समाज के भीतर अलग-अलग रूप में घुसकर हमारी आस्था, संस्कृति और पहचान पर चोट कर रही हैं। उन्होंने आदिवासी समाज का जिक्र करते हुए कहा कि आज 18 प्रतिशत मतांतरित लोग 82 प्रतिशत मूल आदिवासी समाज का हक मार रहे हैं। यह स्थिति अब और बर्दाश्त नहीं की जा सकती है। बताया कि अनुसूचित जातियों को धर्म परिवर्तन के बाद आरक्षण नहीं मिलता, लेकिन जनजातियों के मामले में यह नियम लागू नहीं है। स्व. कार्तिक उरांव ने इस समस्या के विरुद्ध आवाज उठाई थी। हालांकि वे नहीं रहे, अब यह आंदोलन नए सिरे से उठाने की आवश्यकता है।

मिलिंद परांडे

ईसाई मिशनरियों से दूर रहे जनजातीय समाज

परांडे ने जनजातीय समाज से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि ईसाई मिशनरियां आपकी भाषा, संस्कृति और जमीन छीनने के प्रयास में लगी हैं। वे आपको आपकी ही पहचान से काट रही हैं। समय आ गया है कि जनजातीय समाज इन मिशनरियों से दूरी बनाए और अपने मूल धर्म व संस्कृति की रक्षा करे। आपकी रक्षा से झारखंड की भाषा, सीमा और संस्कृति की रक्षा संभव है। कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने धर्म और भूमि की रक्षा के लिए बलिदान दिया। लेकिन ब्रिटिश ईसाई मिशनरियों ने उन्हें जेल में डालकर मार दिया। हमारे जनजाति समाज को अपने पूर्वजों पर गर्व होना चाहिए, जिन्होंने इसी भाषा, संस्कृति और भूमि की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी। इनमें सिदो-कान्हू, फूलो-झानो जैसे महापुरुष शामिल हैं। जनजाति समाज को विदेशी धर्म अपनाने की आवश्यकता नहीं है।

हिंदू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने की मांग

परांडे ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद देशभर में हिंदू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कराने के लिए अभियान चला रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक मंदिर हिंदुओं को वापस नहीं मिलते, यह जनआंदोलन चलता रहेगा। मंदिरों पर सरकार का कब्जा अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा कि अब समय आ गया है कि हिंदू समाज संगठित हो, सजग हो और अपनी संस्कृति, पहचान और धर्म की रक्षा के लिए एकजुट होकर खड़ा हो।

प्रत्येक हिंदू परिवार को दो बच्चे पैदा करने का आह्वान

परांडे ने हिंदू समाज से अपील की कि जैसे भगवान राम के दो पुत्र थे, वैसे ही प्रत्येक हिंदू परिवार को कम से कम दो बच्चे जरूर पैदा करने चाहिए, ताकि हिंदू समाज की जनसंख्या संतुलन में रहे और संस्कृति की निरंतरता बनी रहे। उन्होंने देश से गायब हो रही हिंदू बेटियों का मुद्दा भी उठाया और कहा कि 13 लाख बेटियों में से तीन लाख 18 वर्ष से कम उम्र की हैं। इनमें से अनेक लव जिहाद का शिकार हुई हैं। यह स्थिति अत्यंत गंभीर है और प्रत्येक हिंदू का कर्तव्य है कि वह अपनी बहनों की रक्षा करे और उन्हें ईसाई मिशनरियों तथा लव जिहाद जैसे षड्यंत्रों से बचाए।

गर्भधारण के बाद नियमित स्वास्थ्य जांच कराना जरूरी : प्रधान सचिव

PHOTON NEWS DHANBAD : गर्भवती महिलाओं को 9 महीने के बीच चार बार एंटीनेटल चेकअप कराना अनिवार्य है। लेकिन, धनबाद समेत राज्य के कई जिलों में प्रदर्शन काफी खराब है। स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव ने इस संबंध में जिलों के पदाधिकारी को विशेष निर्देश दिए हैं। गर्भवती महिलाओं को सरकार की ओर से निशुल्क एंटीनेटल चेकअप सेवा प्रदान की जा रही है। लेकिन, जिले में अधिकारियों की उदासीनता के कारण चार एंटीनेटल चेकअप नहीं हो पा रहा है। पहले और दूसरे एंटीनेटल चेकअप की उपलब्धि 70% से ऊपर है। जबकि, तीसरे और चौथे एंटीनेटल चेकअप की उपलब्धि 50 से 40% के आसपास है। शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के अलावा सदर अस्पताल और जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में यह सेवा निशुल्क दी जाती है। लेकिन, डॉक्टरों की उदासीनता की वजह से लक्ष्य की पूर्ति नहीं हो पा रही है।

जानें क्या है एंटीनेटल चेकअप

गर्भावस्था के दौरान जच्चा और बच्चा दोनों की सेहत का ख्याल रखने के लिए एंटीनेटल चेकअप जरूरी है। इसमें विभिन्न प्रकार के पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी जांच किए जाते हैं। दरअसल मात्रा और शिशु मृत्यु दर को रोकने के लिए एंटीनेटल चेकअप सेवा की शुरूआत की गई है।

लू लगने पर उल्टी, तेज बुखार, हार्ट अटैक व ब्रेन स्ट्रोक का खतरा

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में तापमान बढ़ता जा रहा है। 3 जिलों- जमशेदपुर, डाल्टनगंज और बोकारो में पारा 40 के पार पहुंच चुका है। इससे आम जन-जीवन प्रभावित हो रहा है। मंगलवार तक 10 जिलों में पारा 40 के पार पहुंचने का अनुमान है। मौसम विभाग ने राज्य में बढ़ती गर्मी को लेकर अलर्ट जारी किया है। लोगों को अत्यधिक गर्मी और लू से बचने के लिए सतर्क किया गया है। बिना सुरक्षा के घरों से बाहर नहीं निकलने की अपील की गई है, ताकि लोग गर्मी से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं से बच सकें। डॉक्टरों का कहना है कि लू लगने पर उल्टी, तेज बुखार, हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक और कार्डियोवैस्कुलर समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा कमजोरी, सिरदर्द, चक्कर आना और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

104 हेल्पलाइन पर मिलेगी मदद

राज्य में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए 24/7 हेल्पलाइन सेवा शुरू की गई है। लोग इस हेल्पलाइन पर कॉल करके डॉक्टरों से सलाह ले सकते हैं। 104 टॉल-फ्री नंबर पर कॉल करके लोग अपनी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, क्योंकि स्वास्थ्य विभाग ने हीट वेव के प्रभावों को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए हेल्पलाइन का प्रचार प्रसार कर रहा है। जिससे लोग इमरजेंसी में डॉक्टरों की मदद ले सके।

सरकारी अस्पतालों में फ्री ओआरएस : आने वाले दिनों में हीट वेव के मद्देनजर रिम्स समेत झारखंड के सभी सरकारी अस्पतालों को अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान लोगों से अपील की गई है कि वे नजदीकी सरकारी अस्पताल से ओआरएस (ओरल रीहाइड्रेशन सॉल्ट) मुफ्त में लें और उसे सही तरीके से इस्तेमाल करें। ओआरएस शरीर में पानी की कमी को दूर करने में मदद करता है और लू से होने वाली गंभीर समस्याओं से बचाव में सहायक है। ओआरएस का घोल तैयार करने के लिए एक लीटर पानी में एक पैकेट ओआरएस घोल कर इसे समय-समय पर सेवन करें। इसे 24 घंटे के भीतर ही उपयोग कर लें।

- बढ़ रही गर्मी को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी की गई एडवाइजरी
- गर्भवती महिलाओं, बुजुर्ग और श्रमिकों को विशेष सतर्कता बरतने की अपील

इन बातों का रखें ध्यान

गर्मी के दौरान घर से बाहर जाते समय हल्के, सूती और ढीले कपड़े पहनें। साथ ही धूप से बचने के लिए धूप का चश्मा और गमछा भी रखें। जूते या चप्पल पहनकर बाहर जाएं।

चिकित्सक से करें संपर्क

सिरदर्द, मतली, मांसपेशियों में ऐंठन, अत्यधिक थकान, अधिक पसीना आना या सूखी व गर्म त्वचा की स्थिति उत्पन्न होने पर फौरन डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

दिन में अधिक से अधिक पानी पीना जरूरी

इन चीजों का करें सेवन

गर्मी के मौसम में शरीर को ठंडा रखने के लिए नमक-चीनी का घोल, छाछ, तरबूज, खरबूजा, खीरा, नींबू-पानी, आम का शर्बत, लस्सी और ककड़ी जैसी चीजें सेवन करें। इनसे शरीर में पानी की कमी नहीं होगी और लू से बचाव भी होगा।

गर्मी के मौसम में लू से बचाव के लिए कुछ जरूरी सावधानियां बरतने को कहा गया है। अधिक से अधिक पानी पीना, छांव में रहना और गर्मी से बचने के लिए हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनने की सलाह दी गई है। अगर किसी को लू लग जाए, तो उसे तुरंत छांव में लिटाकर गीले कपड़े से उसके शरीर को पोंछें या ठंडे पानी से नहलाएं। अगर स्थिति में सुधार न हो, तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए ले जाएं।

BRIEF NEWS

रियाजुल हसन पार्टी के सक्रिय व वफादार सिपाही : शारुख रिजवी

RANCHI : झारखंड और बिहार के प्रसिद्ध समाजसेवी सैयद शारुख हसन रिजवी ने एक बयान जारी कर कहा है कि हैदराबाद एमएलसी कोटे पर सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने दूसरी बार मिर्जा रियाजुल हसन को उम्मीदवार बनाकर मुसलमानों में एकता का संदेश दिया है। रियाजुल हसन पार्टी के सक्रिय एवं वफादार सिपाही हैं। हम सभी को उम्मीद है कि ओवैसी की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। और इससे पार्टी को फायदा होगा। रियाजुल हसन बहुत ईमानदार हैं और दूसरों के दर्द को अपना दर्द समझते हैं। हमने उन्हें बहुत करीब से देखा है।

जंगली हाथी के हमले में किसान की दर्दनाक मौत, गांव में दहशत

RANCHI : बेड़ो थाना क्षेत्र के टेंगरिया गांव में रविवार रात में जंगली हाथी के हमले में एक किसान की जान चली गई। मृतक की पहचान महेंद्र सिंह उर्फ कारू के रूप में हुई है, जो मिर्चा की खेती करता था। जानकारी के अनुसार, महेंद्र सिंह रात करीब 10 बजे अपने घर के पास खेत देखने गया था, तभी एक जंगली हाथी अचानक खेत में पहुंच गया और उस पर हमला कर दिया। हाथी ने पहले उसे सूंड़ से पटक दिया और फिर बुरी तरह कुचल डाला। स्थानीय लोगों ने घायल महेंद्र को तुरंत उठाकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां से उसे रांची के रिम्स रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद टेंगरिया गांव और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है।

वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर बोले - मिलने वाली राशि में केंद्र ने की कटौती

एससी-एसटी के लिए सब-प्लान कानून बनाने की उठी आवाज

PHOTON NEWS RANCHI : सोमवार को कांग्रेस भवन में प्रदेश कांग्रेस की ओर से प्रेस कांफ्रेंस की गई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव मौजूद थे। इस दौरान वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि पूरे देश के लिए अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए सब- प्लान के लिए कानून बनाने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान 275 कंडिका 1 में भी इसका उल्लेख है। इसलिए एससी और एसटी के लिए सब-प्लान उनके हक और अधिकार की मांग की जा रही है। इंदिरा गांधी ने संविधान में उल्लेखित योजना के सब प्लान की योजना बनाई थी। लेकिन वह योजना कानून नहीं बन पाई। आज स्थिति यह है कि एक दशक में आदिवासी दलितों के लिए जो पैसा मिलना चाहिए था उसमें केंद्र ने कटौती की।

विकास को मिलती है गति : राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि विगत एक दशक में एससी सब-प्लान में 3.4 और एसटी 2.6 प्रतिशत का ह्रास आवंटन में हुआ है। इसका परिणाम है कि 11.70 लाख करोड़ रुपये एसटी के लिए और 5.57 लाख करोड़ रुपये का बजटीय समर्थन में नुकसान हुआ। अगर ये पैसा मिलता तो झारखंड के अलावा वैसे क्षेत्रों में रहने वाले एससी और एसटी के लोगों को उनके सामाजिक आर्थिक विकास में गति मिलती। इस सब-प्लान से एससी-एसटी के लिए आर्थिक संसाधनों का आवंटन करने के साथ गरीबी और बेरोजगारी को कम किया जाता है।

कांग्रेस ने कहा- केंद्र सरकार नहीं मानी तो किया जाएगा देशभर में आंदोलन

प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर व अन्य नेता ● फोटोन न्यूज

राज्य को मिलने चाहिए थे 10 हजार करोड़ रुपये

वित्त मंत्री ने कहा कि झारखंड में आबादी की बात करे तो 39 लाख एससी और 46 लाख एसटी की आबादी है। वहीं 2021-22 से 23-24 तक केंद्र से एससी के लिए 3515.11 करोड़ और एसटी के लिए 2475.49 करोड़ झारखंड को उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि मेरे हिसाब से राज्य को 10 हजार करोड़ रुपये मिलना चाहिए था। इसके अलावा उन्होंने कहा कि कानून बनने के बाद सब प्लान में आए हुए पैसों का दुरुपयोग नहीं हो सकेगा। इसकी प्रापर मॉनिटरिंग हो सकेगी। इसके लिए केंद्र सरकार से वार्ता की जाएगी। सरकार नहीं मानेगी तो योजना बनाकर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करेंगे। दलितों और आदिवासियों के उत्थान के लिए बात हो रही है।

जमीनी स्तर पर संगठन करेंगे मजबूत

प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि सभी के सहयोग से त्योहार संपन्न हो गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश प्रभारी के राजू 13 अप्रैल को रांची आ रहे हैं। वह प्रखंड पर्यवेक्षकों के साथ संवाद करेंगे। 2025 संगठन सृजन का वर्ष है। इसका उद्देश्य जमीन स्तर पर संगठन को मजबूत बनाना है। साथ ही कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विगत दो दिन पहले 6 राज्य और 2 केंद्र शासित राज्यों के जिलाध्यक्षों के साथ संवाद किया। इसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर पुराने हाईकोर्ट के सामने ह्यूमन चेन बनाकर विवेकानंद चौक -देवानंद मांझी चौक होते हुए राजेंद्र चौक तक आएगी और सभा होगी। उन्होंने कहा कि एससी सब प्लान-एसटी सब प्लान मांग लंबे समय से हो रही है। इस संप्रदाय के लोगों का विकास हो इसके लिए तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने 75-76 और 79-80 में योजना बनाई थी।

दहशतगर्द शब्द पर माफी मांगें सीएम हेमंत सोरेन : बाबूलाल मरांडी

RANCHI : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा रामनवमी के दौरान झारखंड के बहुसंख्यक हिंदू समाज के लिए 'दहशतगर्द' शब्द का इस्तेमाल करने को शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य के मुख्यमंत्री से अपेक्षा होती है कि वह सभी नागरिकों के प्रति समान सम्मान और व्यवहार अपनाएं। लेकिन, हेमंत सोरेन ने विभाजनकारी और भड़काऊ शब्दों का इस्तेमाल कर अपनी दुर्भावनापूर्ण सोच को उजागर किया है। उन्होंने इसे कांग्रेस द्वारा गढ़े गए हिंदू आतंकवाद के झूठे नैरेटिव के समान बताया। बाबूलाल मरांडी ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोची-समझी रणनीति के तहत बहुसंख्यक समाज को बदनाम करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता हेमंत सोरेन के नफरती और जिहादी सोच को सफल नहीं होने देगी। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री को तत्काल माफी मांगनी चाहिए। उन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि अपने ही नागरिकों के खिलाफ ऐसा अपमानजनक शब्द इस्तेमाल करने का उनका इरादा क्या था। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मुख्यमंत्री ने माफी नहीं मांगी, तो झारखंड की जनता इसका करारा जवाब देगी।

12,500 मार्क्स का है इस बार स्वच्छता सर्वे, कहीं फिर न कट जाएं रांची के नंबर

PHOTON NEWS RANCHI : स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 शुरू हो गया है। ऐसा माना जा रहा है कि टीम आई और शहर में सरप्राइज विजिट कर चली गई। लेकिन, स्वच्छता सर्वे को लेकर इस बार रांची नगर निगम ने डॉक्यूमेंट में पूरी तैयारी कर रखी है। हालांकि कुछ जगहों पर इस बार भी रांची नगर निगम के नंबर स्वच्छता सर्वे में कटेंगे। इसमें डोर टू डोर कलेक्शन एक कारण हो सकता है। वहीं वेस्ट डिस्पोजल में भी कुछ नंबर कट सकते है। वेस्ट डिस्पोजल के लिए भले ही झिरी डंपिंग यार्ड में सीबीजी प्लांट तो लगा दिया गया है। लेकिन, नगर निगम उसे पर्याप्त गीला कचरा नहीं दे पा रहा है। ऐसे में कचरा वहीं डंप किया जा रहा है।

गार्बेज फ्री सिटी के लिए करनी होगी मेहनत : रांची नगर निगम का इलाका पहले से ही ओडीएफ है। इसके बाद निगम ने ओडीएफ प्लस के लिए भी तैयारी कर रखी है। लेकिन गार्बेज फ्री सिटी के लिए रांची नगर निगम को और मेहनत करनी होगी। अब देखना होगा कि इसबार स्वच्छता सर्वे करने वाली एजेंसी के मानकों पर रांची नगर निगम कितना खरा उतरता है।

प्लांट के संचालन के लिए अपर्याप्त कचरा : नगर निगम के झिरी डंपिंग यार्ड में 1.5 टन प्रतिदिन क्षमता वाला सीबीजी प्लांट लगाया गया है। दूसरे प्लांट का काम भी पूरा होने को है। ऐसे में एक प्लांट के संचालन के लिए हर दिन 1.5 टन कचरा चाहिए। लेकिन नगर निगम प्लांट के लिए 50 टन से ज्यादा गीला कचरा नहीं दे पा रहा है। ऐसे में प्लांट तो चल रहा है लेकिन कम कचरे का डिस्पोजल हो रहा है। वहीं दूसरा प्लांट चालू होने के बाद भी निगम के पास देने के लिए पर्याप्त कचरा उपलब्ध नहीं होगा।

- 1.5 टन प्रतिदिन क्षमता वाला सीबीजी प्लांट चालू, लेकिन कचरा नहीं दे पा रहा निगम
- डोर-टू-डोर वेस्ट कलेक्शन करने वाली एजेंसी भी रेगुलर नहीं उठा रही कचरा
- गार्बेज फ्री सिटी के लिए 1300 मार्क्स किए गए हैं निर्धारित

किस कैटेगरी में कितने मार्क्स

- विजिबल क्लीनलीनेस- 1500
- सेग्रीगेशन, कलेक्शन एंड ट्रांसपोर्ट आफ वेस्ट- 1000
- सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट- 1500
- एक्सेस टू सैनिटेशन- 1000
- यूज्ड वाटर मैनेजमेंट- 1000
- मेकेनाइजेशन आफ डेसलजिंग सर्विसेज- 500
- एडवोकेसी फॉर स्वच्छता- 1500
- ईकोसिस्टम स्ट्रेंथनिंग एंड इंस्टीट्यूशनल पारा मीटर्स- 1000
- ओवरआल वेलफेयर आफ सैनिटेशन वर्कर्स- 500
- सिटीजन फीडबैक एंड ग्रीवांस रिड्रेशल- 500
- गार्बेज फ्री सिटी- 1300
- ओडीएफ, ओडीएफ प्लस, ओडीएफ प्लस प्लस, वाटर प्लस- 1200

झारखंड की विशिष्ट पहचान का प्रतीक है यहां का आदिवासी समाज : चमरा लिंडा

PHOTON NEWS RANCHI : सोमवार को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने कल्याण कॉम्प्लेक्स में आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा और अन्य अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री ने आदिवासी समुदाय के लिए राज्य सरकार की योजनाओं और नीतियों की समीक्षा की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्ष 2025-26 को आदिवासी स्वाभिमान वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। इसके लिए समर्पित प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड की विशिष्ट पहचान का प्रतीक यहां का आदिवासी समाज

है। जिसकी संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली इस भूमि की धरोहर हैं। उन्होंने आदिवासी समाज के गौरवशाली अतीत को संरक्षित करने और उनके आत्मसम्मान को सशक्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में प्रबन्ध निदेशक टीसीडीसी नीलसोम बागे, उप निदेशक धीरेंद्र सिंह, अप निदेशक मोनिका टूटी, राकेश उरांव और अमृता कुजूर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

हजारीबाग का पदमा ओपी बनेगा थाना देवघर हवाई अड्डा के पास खुलेगा ओपी

PHOTON NEWS RANCHI : सोमवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न उच्चस्तरीय समिति की बैठक में हजारीबाग के पदमा ओपी को थाना का दर्जा देने का फैसला लिया गया। वहीं एक अन्य फैसले में देवघर हवाई अड्डा के पास नया पुलिस आउट पोस्ट खोलने पर मुहर लगाई गई। गौरतलब है कि पदमा में पुलिस आउट पोस्ट काफी अर्से से कार्यरत है। बैठक में बताया गया कि पदमा ओपी का कार्य क्षेत्र काफी बड़ा है। इसका सृजन बरही थाना से दूर स्थित एनएच 30 के इलाके में विधि

व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए किया गया था। लेकिन, अब यह इलाका विस्तृत आबादी वाले क्षेत्र में परिवर्तित हो गया है। इस इलाके में आपराधिक गतिविधियां भी बढ़ी हैं। सड़क हादसे में वृद्धि, बढ़ते उद्योग और उग्रवादियों की सक्रियता तथा सांप्रदायिक सद्भावना बिगाड़ने की कोशिशों के मद्देनजर पदमा ओपी को पूर्ण थाना में उत्क्रमित करने का निर्णय लिया गया। पदमा ओपी को थाना में उत्क्रमित करने में अनुमानित दो करोड़ 70 लाख रुपये खर्च होंगे।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सदर अस्पताल में हुआ कार्यशाला का आयोजन, बोले एक्सपर्ट्स-

शहरीकरण, जंगलों की कटाई व मानवीय गतिविधियों ने बढाया प्रदूषण

PHOTON NEWS RANCHI : विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल परिसर में 'जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ वायु और स्वास्थ्य' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, ओएसडी झारखंड पाल्यूशन कंट्रोल बोर्ड संजय श्रीवास्तव, मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद, स्टेट एपिडेमियोलॉजिस्ट प्रवीण कर्ण और अंकिता ज्योति ने भाग लिया। सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण को लेकर जागरूकता फैलाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि वायु प्रदूषण मृत्यु का एक प्रमुख कारण बन चुका है। शहरीकरण, जंगलों की कटाई और अन्य मानवीय गतिविधियां इस समस्या को बढ़ा रही हैं। मौके पर जिला कार्यक्रम समन्वयक, जिला डाटा प्रबंधक, रिजनल को-आर्डिनेटर, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी भी उपस्थित थे।

गर्मी से बचाव के इंतजाम : प्रवीण कर्ण ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ती गर्मी और उसके स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गर्मी से बचाव के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में व्यवस्था की गई है। साथ ही ट्रैफिक सिग्नल पर छाया के लिए शेड का प्रबंध करने और चौक-चौराहों पर ठंडे पानी की व्यवस्था करने पर जोर दिया।

श्री आर का फामूर्ला होगा कारगर : मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के पीछे मानव गतिविधियों का बड़ा योगदान है। उन्होंने विकास और शहरीकरण को मुख्य कारण बताया और कहा कि हमें प्रकृति के संसाधनों का अधिकतम उपयोग करना चाहिए। सस्टेनेबल डेवलपमेंट को बढ़ावा देना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने ट्रिपल आर (रिड्यूस, रियूज और रिसाइकिल) के महत्व पर भी बल दिया।

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद व स्टेट एपिडेमियोलॉजिस्ट प्रवीण कर्ण ने रखे अपने विचार

सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण को लेकर जागरूकता फैलाने पर दिया जोर

कूड़ा जलाने से बचें, पौधे लगाएं

संजय श्रीवास्तव ने शहर में प्रदूषण कम करने के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कूड़ा जलाने से बचने और सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण को बढ़ावा देने की बात की। कार्यशाला में इस वर्ष के विश्व स्वास्थ्य दिवस का थीम स्वास्थ्य शुरूआत, आशाजनक भविष्य पर भी चर्चा की गई, जो मुख्य रूप से मां और नवजात बच्चों की सेहत और सुरक्षा पर केंद्रित है।

आरपीएफ ने शराब के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

PHOTON NEWS RANCHI : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म दो से शराब के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम प्रेममनी कुमार है। वह बिहार के नालंदा का रहने वाला है। आरपीएफ के निरीक्षक रूपेश ने आज बताया कि रांची मंडल के आरपीएफ मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर स्टेशनों और ट्रेनों में शराब की तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान जारी है' इसी क्रम में आरपीएफ टीम ने देखा कि एक व्यक्ति हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्य दो में संदिग्ध तरीके से पिट्ठू बैग को लेकर बैठा है। संदेह होने पर उसे रुकवाकर उसके बैग की तलाशी ली गई, जिसमें 29 बोतल शराब (बीयर)

जब्त किया गया।

पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह शराब हटिया से खरीदा और उसे अधिक दाम में बेचने के लिए बिहार ले जा रहा था। बरामद शराब और गिरफ्तार व्यक्ति को आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया।

जय श्री राम... बजरंग बली की जय... से गूंजी लौहनगरी

साकची में निकले अखाड़े में बजरंग बली व वानर सेना के वेश में सजे कलाकार

PHOTON NEWS JSR : लौहनगरी में सोमवार को रामनवमी का विसर्जन जुलूस पूरे हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। इस दौरान पूरा शहर जय श्री राम... बजरंग बली की जय... के उद्घोष से गूंजता रहा। ये जुलूस शहर के विभिन्न नदी घाटों पर पहुंचे, जहां नवरात्र में स्थापित किए गए कलश व मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। शहर में कुल 197 अखाड़ों ने विसर्जन जुलूस निकाला, जिसमें 172 लाइसेंसी और 25 गैर-लाइसेंसी अखाड़े शामिल हैं। सबसे अधिक 53 विसर्जन जुलूस साकची के स्वर्णरेखा नदी घाट पर पहुंचे। इसके बाद बिष्टुपुर के बोधनवाला घाट पर 32 विसर्जन जुलूस पहुंचे। सोनारी के बालू घाट पर 19, बागबेड़ा के बडौदा घाट पर 14 और सीतारामडेरा के भुइयांडीह पांडेय घाट पर 17 विसर्जन जुलूस पहुंचे। इसके अलावा, परसुडीह के नरवा घाट, टेल्को के जेम्को घाट, बागबेड़ा के बडौदा घाट, बिरसानगर के हुरलुंग घाट, बारीडीह के स्वर्णरेखा घाट आदि पर भी विसर्जन किया गया। मानगो से भी करीब एक दर्जन अखाड़ों ने विसर्जन जुलूस निकाला। जुलूस में शामिल राम भक्त झंडा लिए हुए जय श्री राम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। सुरक्षा को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही। कोल्हान के डीआईजी मनोज रतन चौथे, डीसी अनन्य मित्तल और एसएसपी किशोर कौशल कंट्रोल रूम से पूरे शहर की निगरानी कर रहे थे। इससे पहले दिन में ही एसएसपी और डीसी ने बाइक पर सवार होकर जुलूस के प्रमुख मार्गों की निगरानी की थी।

समाचार सार

पूर्व सैनिकों ने टेल्को में लगाया शिविर

JAMSHEDPUR : रामनवमी के अवसर पर सोमवार को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने टेल्को स्थित लेबर ब्यूरो के पास

शिविर लगाया, जिसमें विसर्जन जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं के बीच चना-गुड़ व शरबत का वितरण किया। परिषद के जिला अध्यक्ष विनय कुमार यादव व जिला महामंत्री जितेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में लगे शिविर में मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले व तुलसी भवन से संजय तिवारी भी उपस्थित रहे।

आंदोलनकारी चरण मुर्मू की मनाई पुण्यतिथि

GHATSILA : पावड़ा गांव निवासी झारखंड आंदोलनकारी चरण मुर्मू की

छठी पुण्यतिथि सोमवार को मनाई गई। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत ने कहा कि चरण मुर्मू ने अपने जीवन के स्वर्णिम समय को झारखंड आंदोलन में न्योछावर कर दिया था। झारखंड आंदोलन में महीनों तक जेल में रहे। मार्च 1993 में आर्थिक नाकाबंदी के दौरान भी साकची जेल में करीब दो माह रहे। इस दौरान चरण मुर्मू के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में आंदोलनकारी की पत्नी फूलमनी मुर्मू, पुत्र सुवधा मुर्मू, झामुमो नेता कानू सामंत, काजल डॉन, कलाचंद सरकार, सुशील मार्डी, सागर पाणि, राजा सिंह, मिर्जा मुर्मू आदि भी शामिल थे।

पद्माबाई रुंगटा शतरंज प्रतियोगिता 18 से

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिला शतरंज संघ के तत्वाधान में

एसआर रुंगटा ग्रुप द्वारा 14वीं पद्माबाई रुंगटा मेमोरियल जिला शतरंज प्रतियोगिता 18 अप्रैल से शुरू होगी। प्रतियोगिता का समापन 20 अप्रैल को सीताराम रुंगटा रिक्रिएशन हॉल टाउन क्लब में होगा। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में जिले के किसी भी आयु के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। शीर्ष चार खिलाड़ियों का चयन सीनियर राज्य शतरंज प्रतियोगिता 2025 के लिए किया जाएगा। संघ के सचिव बसंत खंडेलवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में 21,000 रुपये नकद पुरस्कार व 22 ट्रॉफी दी जाएगी। प्रतियोगिता का प्रवेश शुल्क 100 रुपये रखा गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 6000 रुपये दिया जाएगा, जबकि शेष राशि शीर्ष 15 खिलाड़ियों को दी जाएगी। प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि 16 अप्रैल है।

ढाबा से अवैध महुआ शराब व बियर के साथ दो गिरफ्तार

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र के जयपुर स्थित एक लाईन होटल में उत्पाद विभाग ने भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया। जानकारी के अनुसार, उत्पाद विभाग की टीम ने मौके से चार पेटी बियर और 30 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त किया है। इस दौरान दो आरोपी गिरफ्तार भी किए गए हैं।

बाइक अनियंत्रित होने से छात्र घायल

CHAIBASA : रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग एनएच-75ई पर चक्रधरपुर से चाईबासा लौट रहे मधुसुदन महतो टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के छात्र अनुज पुरती की बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटना हो गई। घटना के बाद कॉलेज के छात्रों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया। छात्र के सिर पर पांच टांके लगाए गए हैं। अनुज विधायक सुखराम उरांव के बेहद करीबी माने जाते हैं। वे बिशप फूलचंद महतो के भी करीबी हैं। अनुज पुरती ईसाई समाज एवं ऑल चर्च यूथ का भी सक्रिय सदस्य है। खबर सुनकर विधायक सुखराम उरांव ने भी घटना की जानकारी ली और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है।

रैश ड्राइविंग में सोनारी के युवक की हो गई मौत

JAMSHEDPUR : बिष्टुपुर के सर्किट हाउस रोड में सोमवार को रैश ड्राइविंग की वजह से सोनारी निवासी युवक कालीचरण गोप की मौत हो गई। बताया जाता है कि रैश ड्राइविंग के दौरा बाइक डिवाइडर से टकरा गई थी। इस घटना में बाइक पर बैठा कालीचरण का साथी रोहन गंभीर रूप से घायल है।

उसे रांची रिम्स ले जाया गया है। दोनों ने हेलमेट नहीं पहना था, जिसकी वजह से सिर पर गंभीर चोट आई। घटना दोपहर करीब 1.45 बजे की है। दोनों सोमवार को दिन में सार्वजनिक अखाड़ा समिति, खूंटाडीह के विसर्जन को लेकर किसी काम से साकची की तरफ जा रहे थे। तभी यह हादसा हुआ। घटना के बाद स्थानीय लोग घायल दोनों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल ले गए। सूचना मिलने पर परिवार के लोग भी पहुंच गए।

कालीचरण को परिजन एमजीएम अस्पताल से टीएमएच ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कालीचरण सार्वजनिक अखाड़ा समिति खूंटाडीह का सक्रिय सदस्य था। घटना के बाद समिति के लोग शोक में डूब गए।

विसर्जन जुलूस में बन्ना गुप्ता ने भी बजाया डंका

JAMSHEDPUR : राज्य के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने रामनवमी के विसर्जन के दिन शहर के विभिन्न अखाड़ा समितियों का दौरा किया, जहां उन्हें पगड़ी पहनाकर एवं तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। अखाड़े में बन्ना गुप्ता ने भी जमकर डंका बजाया और लाठी भांजते हुए अखाड़े का लुत्फ उठाया। इस मौके पर बन्ना गुप्ता ने झारखंडवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन हमें श्रेष्ठ मनुष्य के रूप में आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

विसर्जन जुलूस में हाईटेंशन तार की चपेट में आए 6 लोग, एक गंभीर

टीएमएच में घायल को लाने के दौरान मौजूद परिजन व अखाड़े के सदस्य

JAMSHEDPUR : रामनवमी के पावन अवसर पर निकाले जा रहे विसर्जन जुलूस के दौरान सोमवार को यशोदानगर में दर्दनाक हादसा हो गया। परसुडीह थाना क्षेत्र के यशोदानगर में बजरंग अखाड़ा कमेटी के जुलूस में शामिल एक झंडा अचानक ऊपर से गुजर रहे हाई टेंशन बिजली के तार से छू गया। तार से छूते ही झंडे में करंट दौड़ गई, जिसकी चपेट में आकर 6 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों में संजय कुमार सिंह की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है, जिसे तुरंत टीएमएच में भर्ती कराया गया है। अन्य घायलों में विजय कुमार डे, विजय कुमार, शमी कुमार प्रसाद, प्रदीप वर्मा आदि हैं। इनका इलाज टाटा मोटर्स अस्पताल में चल रहा है। हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और जुलूस की रौनक एक पल में मातम में बदल गई। बिजली विभाग की लापरवाही पर भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि ऐसे जुलूसों के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाने चाहिए।

बागबेड़ा में विसर्जन जुलूस से पहले एसआई से मारपीट

- पूर्व से चल रहे विवाद में हुई घटना, पुलिस पदाधिकारी ने कहा- करेंगे कार्रवाई

JAMSHEDPUR : बागबेड़ा स्थित एलबीएसएम कॉलेज रोड में श्री श्री बजरंग अखाड़ा समिति द्वारा विसर्जन जुलूस निकालने से पहले ही पूर्व से चले आ रहे विवाद में जितेंद्र यादव और स्पेशल ब्रांच के एसआई अमित शर्मा के बीच मारपीट हो गई। घटना सोमवार शाम पांच बजे की है। घटना के बाद जितेंद्र यादव और उसके समर्थकों ने जुलूस निकालने से इन्कार करते हुए एसआई पर कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा किया। सूचना मिलने पर परसुडीह व बागबेड़ा थाना की पुलिस पहुंची, जिसके बाद लॉ एंड आर्डर डीएसपी तौकीर आलम भी वहां पहुंचे। उन्होंने जितेंद्र यादव को आश्वासन दिया कि लिखित शिकायत करें, पुलिस कार्रवाई करेगी, परंतु जितेंद्र यादव सहित अन्य लोग नहीं माने और हंगामा करने लगे। बताया जाता है कि जितेंद्र यादव व अन्य अजय सिंह के घर के पास गालीगलौज कर रहे थे, जिसकी स्पेशल ब्रांच के एसआई अमित शर्मा वीडियो बना रहे थे। इस दौरान जितेंद्र यादव के साथ मौजूद युवकों ने एसआई से मोबाइल छीनने का प्रयास किया, नहीं देने पर लाठी-डडे से मारने लगे। घटना के दौरान दूर खड़ी बागबेड़ा और परसुडीह थाना की पुलिस तमाशा देख रही थी। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि किसी के साथ मारपीट हो रही है। इसके बाद पुलिस पहुंची और ज्यादा मारपीट देख बल प्रयोग कर हमलावरों को हटाया।

स्कूटी से गिर कर युवक की मौत

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम के जिला मुख्यालय चाईबासा मुफस्सिल थाना अंतर्गत बचचोमहातु गांव निवासी रौनक बोदरा की स्कूटी से गिरकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, रौनक बोदरा रविवार को रात में हाटगमहरिया के कुदापी गांव से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान झींकपानी थाना अंतर्गत कुदाहातु गांव के पास स्कूटी समेत गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया और घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

सोमवार को झींकपानी पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल चाईबासा भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

निजी स्कूलों के खिलाफ भूख हड़ताल शुरू होते ही मच गई खलबली

सात घंटे बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी ने समाप्त कराया अनशन

धरना पर बैठे झामुमो नेता रामलाल मुंडा को जूस पिलाते डीएसई • फोटोन न्यूज

CHAKRADHARPUR : निजी स्कूलों के खिलाफ झामुमो नेता रामलाल मुंडा के नेतृत्व में अभिभावकों ने सोमवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय के समीप भूख हड़ताल शुरू किया। इसके साथ ही प्रशासनिक महकमे में खलबली गच गई। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत मुंडा ने सुबह सात बजे धरना शुरू कर दिया था। इसके बाद धीरे-धीरे अभिभावक आते गए, तो संख्या बढ़ती गई। मामला बढ़ता देख बीडीओ कांचन मुखर्जी ने मामले को सुलझाने की कोशिश की। इस बीच जिला शिक्षा अधीक्षक प्रवीण कुमार भी पहुंचे। वहां चक्रधरपुर के निजी स्कूलों के प्रिंसिपलों को बुलाया गया। प्रिंसिपलों से वार्ता हुई। धरना पर बैठे अभिभावकों ने स्कूलों द्वारा री-एडमिशन का नाम बदल कर डेवलपमेंट फी के रूप में मोटी रकम वसूलने तथा स्कूल ड्रेस, जूता और किताबों के नाम पर व्यावसायीकरण का आरोप लगाया। कुछ स्कूलों पर बच्चों और अभिभावकों के साथ सही व्यवहार नहीं करने का भी आरोप लगाया। इन सभी समस्याओं को सुनने के पश्चात डीएसई प्रवीण कुमार ने प्रिंसिपलों को सुधार करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह से अतिरिक्त फीस नहीं लेना है। अभिभावकों को किताबें और ड्रेस खरीदने के लिए दबाव नहीं देना है। स्कूलों में जूता, ड्रेस या किताब नहीं बेचना है। यदि जांच में ऐसा करते हुए मिला तो स्कूल का लाइसेंस रद्द किया जाएगा।

छऊ नृत्य क्लब भंडारीसाई, छऊ नृत्य कला केंद्र रंगपुर व राजनगर क्रमशः रहे श्रेष्ठ, आज होगी मानभूम शैली की प्रतियोगिता

सरायकेला में राजकीय चैत्र पर्व-सह-छऊ महोत्सव प्रारंभ

PHOTON NEWS SERAIKELA : जिला प्रशासन की ओर से सोमवार को राजकीय चैत्र पर्व सह छऊ महोत्सव प्रारंभ होगा। तीन दिवसीय आयोजन में पहले दिन सरायकेला शैली, दूसरे दिन 8 अप्रैल को मानभूम और 9 अप्रैल को खरसावां शैली की प्रतियोगिता होगी।

पहले दिन राजकीय छऊ नृत्य कला केंद्र प्रेक्षागृह में सरायकेला शैली की प्रतियोगिता हुई, जिसमें जय मां बसंती कला परिषद-टेंटोपोसी, राधा कृष्ण कला परिषद-पारोलपोसी, शिवमंदिर छऊ नृत्य क्लब-कोटारचारा, राजनगर, नवयुवक संघ छऊ नृत्य क्लब-भंडारीसाई, सरायकेला छऊ नृत्य कला केंद्र-रंगपुर, जय बहादुर कला परिषद टेंटोपोसी, वीणापाणि छऊ नृत्य क्लब चौका, श्रीश्री शिव शक्ति छऊ नृत्य कलाकेंद्र-देवगिरिसाई सहित कुल आठ दलों ने भाग लिया।

मंच पर उपस्थित कलाकार • फोटोन न्यूज

इसमें निर्णायक मंडली के निर्णय को अंचल अधिकारी भोला शंकर महतो ने घोषित किया, जिसमें प्रथम स्थान नवयुवक संघ छऊ नृत्य क्लब-भंडारीसाई, द्वितीय स्थान सरायकेला छऊ नृत्य कलाकेंद्र-रंगपुर तथा तृतीय पुरस्कार शिव मंदिर छऊ नृत्य क्लब-कोटारचारा राजनगर को मिला। निर्णायक के रूप में गुरु तपन कुमार पटनायक, गुरु बृजेंद्र पटनायक, गुरु सुधांशु शेखर पाणि, गुरु रजत पटनायक, गुरु तरुण कुमार भोल व गुरु मनोरंजन साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम से पूर्व विख्यात नृत्यश्री कामेश्वर भोल एवं सभी निर्णायक मंडली ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

राजकीय छऊ नृत्य कलाकेंद्र के कलाकारों ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अंचल अधिकारी ने सभी कलाकारों का स्वागत करते हुए कहा कि जो भी दल पुरस्कार से बाहर रहे, उन्हें मन दुखी करने की जरूरत नहीं है, सभी दल ने अच्छा प्रदर्शन किया।

सभी ने अपनी कला-संस्कृति को बचा कर रखा है, ये बहुत बड़ी बात है, इसलिए निराश होने की जरूरत नहीं है। अपनी टीम को और बेहतर बनाइए और अगले साल के लिए तैयार रखें, सफलता जरूर कदम चूमेगी। प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले दलों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

इनकी उपस्थित रही उल्लेखनीय

भोला महांती, सुदीप कबी, रूपेश साहू, कार्यालय कर्मी राजेश महापात्र, नाजिर कृष्णा सोय, आशीष कर, गजेंद्र महांती, पंकज साहू, अभिनाश कबी, गोपाल पटनायक, निवारण महतो, असित पटनायक, राकेश कबी, घसीनाथ भोल, सिद्धू दरोगा, चंदन कबी सहित काफी संख्या में कलाकार उपस्थित थे।

शिक्षा मंत्री ने आंगनबाड़ी सेविकाओं में किया मोबाइल फोन का वितरण

मोबाइल फोन दिखातीं आंगनबाड़ी सेविकाएं • फोटोन न्यूज

GHATSILA : बाल विकास परियोजना की ओर से सोमवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने महिला पर्यवेक्षिका एवं 148 आंगनबाड़ी सेविकाओं में मोबाइल फोन का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका ही बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा दे रही हैं। शुरूआती शिक्षा अच्छी तरह मिले तो आगे चलकर साक्षरता दर बढ़ता है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के साथ महिलाएं कदम से कदम मिलकर काम कर रही हैं, इसीलिए सरकार उन्हें डिजिटल मोड में काम करने के लिए मोबाइल फोन दे रही है। इस मौके पर सीओ सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी निशांत अंबर, विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत, प्रखंड अध्यक्ष दुर्गा मुर्मू, काजल डॉन, चंचल सरकार, आनंद गोयल सहित अन्य उपस्थित थे।

बेगूसराय में राहुल गांधी की पदयात्रा महज 24 मिनट में हुई समाप्त

AGENCY BEGUSARAI : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की बेगूसराय में पदयात्रा महज 24 मिनट में खत्म हो गई। वह कन्हैया कुमार की 'पलायन रोको और नौकरी दो' यात्रा में शामिल होने आए थे। इसके बाद राहुल गांधी पटना के लिए रवाना हो गए। राहुल गांधी का बेगूसराय में 11 बजे से लेकर 11:45 बजे तक कार्यक्रम तय था। इस दौरान उन्हें पदयात्रा में शामिल होने के साथ ही नुक्कड़ सभा को भी संबोधित करना था, लेकिन राहुल तय समय से 4 मिनट पहले ही 11.41 बजे ही पटना के लिए रवाना हो गए। कपस्या चौक टाउनशिप गेट के पास होने वाली नुक्कड सभा क्यों रद्द की गई, अभी तक इसकी वजह सामने नहीं आ पाई है। राहुल की पदयात्रा के दौरान करीब 10 हजार लोग मौजूद थे। राहुल गांधी को 6-7 डेलीगेट्स से मिलाने का भी प्लान था, लेकिन भारी भीड़ के कारण वो नहीं मिल सके। राहुल गांधी के साथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हेलिकॉप्टर से बेगूसराय से पटना के लिए निकले हैं। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अल्लावरु और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह पटना में होने वाले राहुल गांधी के कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हैं। वहीं कन्हैया कुमार बेगूसराय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। इसलिए वो पटना में आयोजित राहुल गांधी के कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाएंगे। चार माह में तीसरी बार राहुल पहुंचे बिहार राहुल गांधी एक दिवसीय बिहार दौरे पर सोमवार सुबह 10 बजे पटना पहुंचे। एयरपोर्ट के बाहर निकलकर पार्टी के नेताओं से मुलाकात की थी। दोपहर एक बजे पटना में राहुल गांधी श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित संविधान सुरक्षा सम्मेलन में शामिल हुए।

बेगूसराय में 'पलायन रोको, नौकरी दो' पदयात्रा में शामिल होते कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी

दलित, आदिवासी, पिछड़ा और महिलाओं की लड़ाई हम लड़ेंगे : राहुल

PATNA : सोमवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि देश में अगर आप दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग, अति पिछड़ा और महिला हो तो आप दोयाम दर्जे के हो। हम आपकी लड़ाई लड़ेंगे। वह बिहार की राजधानी पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राहुल गांधी ने कहा कि मैंने बिहार प्रदेश कांग्रेस की टीम को साफ निर्देश दिया है कि आपको बिहार के गरीबों का नेतृत्व करना है। आपको गरीबों व दलितों को आगे बढ़ाना है। हम आपको राजनीति में लाकर बिहार का चेहरा बदलना चाहते हैं। बिहार की भारतीय जनता पार्टी-जनता दल (यूनाइटेड) सरकार अरबपतियों के जरिए राजनीति कर रही है। अंबानी-अडानी की राजनीति चल रही, उसको हम हराने जा रहे हैं।

पदयात्रा में लोगों का अभिवादन करते राहुल गांधी

BRIEF NEWS

कटिहार रेलवे स्टेशन पर नशाखुरानी गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

KATIHAR : रेलवे पुलिस ने सोमवार को कटिहार रेलवे स्टेशन पर नशाखुरानी गिरोह के तीन कुख्यात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में कारी सहनी, उमेश यादव और सुरज हाड़ी शामिल हैं। सभी आरोपी पूर्णियां सदर थाना के निवासी है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने प्रतिबंधित मादक पदार्थ एटीवान 02 एमजी की 60 गोलियां, बिस्कीट के पॉकेट, माजा का कोल्ड ड्रिंक, मास्टर ब्लेड और एक टेम्पो बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी नशा खिलाकर लूटपाट करने के फिराक में थे। रेल पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कारी सहनी नशाखुरानी के केस में सजायाफ्ता है और सजा काटकर बाहर निकला है, जबकि अन्य दो आरोपी उमेश यादव और सुरज हाड़ी जमानत पर हैं। उमेश यादव और सुरज हाड़ी ने पुलिस की पूछताछ में 10-11 मार्च 2025 की रात जोगबनी कटिहार इंटरसिटी में कटिहार स्टेशन पर मजा और बिस्कीट में नशा की गोली खिलाकर लूटपाट करने की बात स्वीकार की है।

झमटा में आगजनी एक दर्जन से अधिक घर जलकर हुए राख

ARARIA : अररिया सदर प्रखंड के झमटा गांव में सोमवार को हुए आगजनी की घटना में एक दर्जन से अधिक घर जलकर राख हो गए। आगजनी की घटना झमटा गांव वार्ड नंबर-12 में भीषण आग ने करीबन बीस घरों को अपने आगोश में ले लिया। आग इतनी तेज थी कि स्थानीय लोगों के प्रयास से सफलता नहीं मिली, जिसके बाद अग्निशमन विभाग की टीम ने स्थानीय ग्रामीणों के मदद से घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया,लेकिन तब तक लाखों रुपये की संपत्ति पूरी तरह जलकर राख हो गई। आगजनी में करीबन सात मवेशी की झुलसने से मौत हो गई। आगजनी में प्रभावित परिवारों का अनाज, कपड़े, फर्नीचर समेत सारा सामान जलकर राख हो गया। आगजनी के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।

उद्यमिता व नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आईटी विभाग की मजबूत पहल

10 नई स्टार्टअप कंपनियों को मिला निःशुल्क ऑफिस स्पेस

AGENCY PATNA : बिहार में उद्यमिता एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग ने वर्ष 2024 में नई आईटी नीति लाई थी, जिसका असर अब पूरे बिहार में दिखने लगा है। सरकार की नई आईटी नीति से न सिर्फ राज्य में चार हजार करोड़ रुपये के नए निवेश के प्रस्ताव मिले हैं, बल्कि सरकार की इस पहल से राज्य के हजारों युवाओं को रोजगार से जोड़ने की मुहिम को एक नई रफ्तार भी मिली है। राज्य के सूचना एवं प्रावैधिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू ने सोमवार को बिस्कोमान भवन में राज्य की 10 नई स्टार्ट अप कंपनियों को निःशुल्क ऑफिस स्पेस उपलब्ध कराया। इस मौके पर आईटी विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह और विभाग के विशेष सचिव अरविन्द कुमार चौधरी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। ये सभी ऑफिस स्पेस बिस्कोमान टावर की नौवीं और 13वीं मंजिल पर स्थित है।

इस मौके पर राज्य के आईटी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू ने कहा कि बिहार आईटी नीति-2024 के तहत पहले से ही निवेशकों को पूंजीगत निवेश और रोजगार सृजन के अवसर दिए जा रहे हैं। इस नीति के तहत निवेशकों को पूंजी निवेश सब्सिडी, ब्याज अनुदान सब्सिडी, लीज रेंटल सब्सिडी, विद्युत बिल सब्सिडी, रोजगार सृजन सब्सिडी जैसे कई लाभ दिए जा रहे हैं। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए हमें स्टार्ट अप को बढ़ावा देना होगा।

इस मौके पर उन्होंने हाईप्रोटेक इंडिया टेक्नोलॉजी प्रा. लिमिटेड, ग्रीन स्टार्क इलेक्ट्रॉनिक्स प्रा. लिमिटेड, फ़्लो एपीआइज प्राइवेट लिमिटेड, सेवासिटी टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, स्कास टेक्नोलॉजिज प्राइवेट लिमिटेड, ऑस्टोमवर्स इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड, मोमेंटम प्लस ऑनलाइन टेक्नोलॉजी, पॉलीट्रॉपिक सिस्टम प्रा. लिमिटेड, मकासा इंडस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड और एचपीएफ वेंचर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के युवा उद्यमियों को दफ्तर की चाबियां सौंपी।

आईटी विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने बताया कि नई आईटी नीति के तहत सरकार स्टार्टअप कंपनियों को छह महीने के लिए निःशुल्क ऑफिस स्पेस उपलब्ध कराती है। इसके बाद इन कंपनियों के कार्यों की समीक्षा कर-के आवंटन अवधि को अगले छह महीने के लिए बढ़ाया जा सकता है। पहले कुल 13 स्टार्ट अप कंपनियों को बिस्कोमान टावर में स्पेस आवंटित किया जा चुका है।

प्रतीकात्मक फोटो

मिथिला के पाहुन भगवान श्रीराम के अवतरण दिवस पर निकाली गई रथ यात्रा

AGENCY SAHARSA : महिषी श्री रामनवमी पूजा समिति द्वारा भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के अवसर पर परंपरागत रथ यात्रा का आयोजन किया गया।जिसमें बच्चों को श्री राम,लक्ष्मण, सीता एवं हनुमान का रूप देकर रथ पर झांकी निकाला गया। वहीं आकर्षण के केंद्र बाहुबली हनुमान के करतबों से श्रद्धालुओं का उत्साह और बढ़ गया।यह रथ यात्रा महिषी के रामशाला से शुरू होकर तारास्थान से गोरहो चौक से सतरवार होते हुए पुनः रामशाला पर समाप्त हुआ। जिसमें हाथों में भगवा झंडा ले राम नाम के जयकारों के साथ सैकड़ों की संख्या में रामभक्त शामिल रहे। परंपरागत मूर्ति पूजन के पश्चात समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया।मौके पर महिषी थानाध्यक्ष जयशंकर कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने यात्रा पर नजर रखते हुए रथ यात्रा का समापन किया। यात्रा के दौरान समिति के अध्यक्ष गौतम झा, सचिव दीपक ठाकुर, कोषाध्यक्ष केशव वत्स, अंशु ठाकुर, पृथ्वी ठाकुर, अमन चौधरी, मोनू मिश्रा, गोलू मिश्रा, आयुष ठाकुर, अनमोल झा, कार्तिक शुभम, रोहन झा, उत्सव झा, अभिषेक झा, लक्ष्मीकांत झा, मदन मोहन ठाकुर सहित महिषी के ग्रामीण अभिभावक एवं अन्य युवा सक्रिय रहे।

निबंधन कार्यालय का हुआ उद्घाटन

SAHARSA : मंत्री निबंधन, उत्पाद रत्नेश सादा एवं जिलाधिकारी वैभव चौधरी ने नव निर्मित सोनवर्षा निबंधन कार्यालय का सोमवार को फीता काटकर शुभारंभ किया। उक्त अवसर पर संबोधित कर मंत्री ने कहा कि उक्त वर्णित निबंधन कार्यालय के शुभारंभ होने से क्षेत्र की जनता को निबंधन संबंधित कार्य में सुविधा होगी।

मुख्यमंत्री खेल ज्ञान उत्सव का हुआ आयोजन

AGENCY BHAGALPUR : मुख्यमंत्री खेल ज्ञान उत्सव 2025 का आयोजन सोमवार को भागलपुर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला अधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उल्लेखनीय हो कि इसमें प्रमंडल स्तरीय लिखित एवं स्टेज राउंड प्रतियोगिता रखी गई है। इस कार्यक्रम में शामिल होने शहर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं पहुंचे हुए हैं। भागलपुर जिले की 10 टीम और बांका जिले की 10 टीम इसमें हिस्सा ले रही है, जिसमें निबंध प्रतियोगिता के साथ-साथ स्टेज पर बच्चे अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करेंगे। बेहतर करने वाली टीमों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा।

बिहार में मौसम लेगा करवट, राज्य के 32 जिलों में बारिश का अलर्ट

AGENCY PATNA : बिहार में मौसम करवट लेने वाली है। इसको लेकर अलर्ट जारी किया गया है। पटना के मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के 6 जिलों को छोड़कर बाकी 32 जिलों में बारिश, वज्रपात, मेघगर्जन के साथ साथ तेज हवा चलने का अलर्ट जारी किया है।

आईएमडी ने 10 और 11 अप्रैल के लिए यह अलर्ट जारी किया है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने 10 और 11 अप्रैल को बिहार के कई जिलों में भयंकर बारिश होने की संभावना जताई है। इन जिलों में पटना, गया, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, औरंगाबाद, बेगूसराय, जहानाबाद, नवादा, नालंदा, मुंगेर, सारण, वैशाली, गोपालगंज, सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, मधुबनी, अररिया, पूर्णिया, किशनगंज, कटिहार, सहरसा, सुपौल, खगड़िया, लखीसराय, जमुई, शेखपुरा, समस्तीपुर, शिवहर, बांका, और मधेपुरा शामिल हैं। इस दौरान इन जिलों में 30-40 किमी प्रति घंटा की गति से हवा चलने का भी पूवार्नुमान है।

पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि एक वेस्टर्न विक्षोभ एक्टिव हो रहा है, जिसका असर बिहार में भी दिखाई दे सकता है। इस वजह से 7 से 11 अप्रैल तक प्रदेश का मौसम बदला हुआ रहेगा। इस अवधि में अधिकांश जिलों में बारिश होने की संभावना है, और आइएमडी ने इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया है। बारिश के अलावा बिहार के कई जिलों में ठनका गिरने और तेज हवा चलने की भी संभावना है। ऐसे मौसम में किसानों को एहतियात बरतने की सलाह दी गई है।

इंटरमीडिएट के राज्य स्तर पर टॉप टेन छात्र छात्राओं को डीएम ने किया सम्मानित

AGENCY ARARIA : इंटरमीडिएट एवं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में राज्य स्तर पर टॉप तीन रैंक में शामिल जिले के छात्र-छात्राओं को डीएम अनिल कुमार द्वारा सोमवार को सम्मानित किया गया।डीएम के कार्यालय कक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावक, डीईओ संजय कुमार, समाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक नितेश कुमार पाठक सहित शिक्षक उपस्थित थे।

मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि ये छात्र-छात्राएं अररिया जिले का नाम पूरे राज्य में रोशन कर रहे हैं और शिक्षा के क्षेत्र में इनकी मेहनत, लगन, एवं समर्पण प्रशंसा के योग्य है। उन्होंने बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और उनके सफलता की इस सफलता की कहानियों को अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। इस क्रम में जिलाधिकारी द्वारा फारबिसगंज कॉलेज फारबिसगंज की छात्रा निधि शर्मा को सम्मानित किया, जो इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा में पूरे राज्य में 470 अंक के साथ वाणिज्य संकाय में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया गया है। इसी प्रकार डीएम द्वारा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में पूरे राज्य में 483 अंक के साथ 7वां रैंक प्राप्त माध्यमिक विद्यालय पैकपार भरगामा की छात्रा मानसी सिंह, 481 अंक के साथ 9वां रैंक प्राप्त एलएस उच्च विद्यालय पलासी पटेगना के छात्र आर्यन कुमार साह, 480 अंक के साथ 10वां रैंक प्राप्त उच्च विद्यालय अररिया की छात्रा सादिया परवीन एवं 480 अंक के साथ ही 10वां रैंक प्राप्त उत्क्रमित उच्च विद्यालय मिजापुर के छात्र प्रियांशु कुमार को सम्मानित किया गया।

वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक पारित होने के बाद फारबिसगंज पहुंचे सांसद

ARARIA : लोकसभा और राजसभा से वक्फ संशोधन बिल के पारित होने के बाद पहली बार फारबिसगंज पहुंचे अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह का भाजपा कार्यकताओं ने बुके और फूल माला देकर स्वागत किया। भाजपा कार्यकताओं ने मौके पर भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अररिया सांसद को लेकर जमकर नारेबाजी भी की। मौके पर सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक भ्रष्टाचार मुक्त शासन व्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा। इस विधेयक से पारदर्शिता, जवाबदेही और आम मुस्लिम समाज को न्याय अधिकार और सशक्तिकरण के वास्तविक लाभ को भी सुनिश्चित करेगा।

पांच दोषियों को हत्या मामले में आजीवन कारावास की सजा

AGENCY ARARIA : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ रवि कुमार की अदालत ने आठ साल पहले गला दबाकर हत्या करने वाले पांच दोषियों को आजीवन सश्रम कारावास की सजा के साथ 50-50 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अपने फैसले में हत्या के अपराध के साथ ही साक्ष्य छुपाने के मामले में पांच वर्षों के साथ 10-10 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। साथ ही न्यायालय ने दोनों ही धाराओं में सजा साथ चलाने का आदेश अपने निर्णय में दिया है।

मामला अररिया थाना प्राथमिकी कांड संख्या 585/2016 से सबंधित हैं। सजा पाने वाले दोषियों में लालटू उर्फ अरविंद यादव पिता भोला नाथ यादव, अशोक यादव पिता स्वर्गीय तुलसी प्रसाद यादव, अशोक साह पिता परमानंद साह, नरेन्द्र कुमार यादव पिता जीतन लाल यादव है। सभी दोषी महलगांव थाना क्षेत्र बागनगर के रहने वाले हैं। वहीं पांचवां दोषी महलगांव थाना क्षेत्र के मलहरिया गांव के बीरेंद्र यादव पिता मोहन लाल यादव हैं। प्राथमिकी कन्हैया यादव पिता मायानन्द यादव के द्वारा दर्ज कराई गई थी। दोषियों ने 6 सितम्बर 2016 को दिन के 4 बजे गांव बागनगर महलगांव चौरा शिव मंदिर के निकट एबीसी नहर में आपसी विवाद में कन्हैया यादव के भाई मुरली यादव की गला मरोड़कर हत्या कर दी थी और लाश को नहर के पानी में छुपा दिया था।

सजा की बिंदु पर सुनवाई करते हुए बचाव पक्ष के अधिवक्ता कृष्ण मोहन सिंह और देव नारायण सेन ने कोर्ट से कम उम्र का हवाला देते हुए कम से कम सजा सुनाए जाने की गुहार लगाई, जबकि सरकार की ओर से लोक अभियोजक लक्ष्मी नारायण यादव और अपर लोक अभियोजक प्रभा कुमारी ने न्यायालय के समक्ष अपनी दलीलें दी। दोनों ही पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने दोषियों को आजीवन सश्रम कारावासऔर जुमार्ने की सजा सुनाई।

स्वच्छता शिक्षा विश्व स्वास्थ्य दिवस को लेकर कार्यक्रम आयोजित, छात्र-छात्राओं के लिए हुई प्रतियोगिता

स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करना उद्देश्य : भूदेव चौधरी

AGENCY BHAGALPUR : विश्व स्वास्थ्य दिवस को लेकर सोमवार को डिटॉल बनेगा स्वस्थ्य इंडिया प्लान इंडिया स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय उच्च विद्यालय धौनी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि धोरैया विधायक भूदेव चौधरी, विशिष्ट अतिथि जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सलमान, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संदीप, प्रधानाचार्य मध्य विद्यालय धौनी अरुण कुमार सिंह एवं कमल जायसवाल समाजसेवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भूदेव चौधरी ने कहा कि हर साल 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन और स्वास्थ्य संबंधित संगठनों द्वारा पूरे विश्व में स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस का उद्देश्य अच्छे स्वास्थ्य की महत्व की प्रति लोगों के जागरूकता को बढ़ावा देना है। विशिष्ट अतिथि जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार ने कहा कि हर साल यह दिवस अलग-अलग थीम के साथ मनाया जाता है। इस साल वर्ल्ड हेल्थ डे की थीम सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह सुनिश्चित करता है कि सभी व्यक्तियों और समुदायों को वित्तीय कठिनाई का सामना किया बिना उनकी जरूरत की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचे।

जिला लीड शंभू कुमार सिंह ने कहा कि चेक अप से आपकी शारीरिक और मानसिक सेहत का आकलन किया जा सकता है। इससे आपको एक हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करने में मदद मिलती है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रजौन डॉक्टर सलमान ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के मूल्य के बारे में जागरूकता पैदा करना है केवल शारीरिक नहीं बल्कि किसी भी व्यक्ति के मानसिक और भावात्मक स्वास्थ्य की देखभाल करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

इंडिया स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि विधायक भूदेव चौधरी व अन्य

कोल्डड्रिंक में जहर मिला कर हत्या मामले में दो को आजीवन कारावास

EAST CHAMPARAN : पंचम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार तिवारी ने कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर पिलाने से हुई हत्या मामले में दोषी पाते हुए नामजद दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास व प्रत्येक को चालीस हजार रुपए अर्थ दंड की सजा सुनायी है। अर्थ दंड नहीं देने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा रक्सौल के नागारोड निवासी स्वर्गीय सुंदर साह के पुत्र कृष्णा प्रसाद एवं कृष्णा प्रसाद के पुत्र हनुमान प्रसाद उर्फ दीपू साह को हुई है। मामले में रक्सौल नागारोड वार्ड नंबर 11 निवासी विजय साह ने रक्सौल थाना में मामला दर्ज कराते हुए दोनों को नामजद किया था, जिसमें कहा था कि 27 अप्रैल 2021 को करीब 12 बजे सूचना मिली कि घर से आधा किलोमीटर दूर रक्सौल नागा रोड काली मंदिर के पास उसका पुत्र पियूष कुमार बेहोशी के हालात में पड़ा है। वे सूचना पर गए और अपने पुत्र को उठाकर डंकन अस्पताल में भर्ती कराया। 28 अप्रैल को करीब 11 बजे दिन में उसे कुछ होश आया तो वह छटपटाते हुए बेचैनी में बताया कि वे अभियुक्त गण से दिए रुपए मांगने गया तो वे लोग दुकान पर बैठा लिए तथा कोल्ड ड्रिंक पीने को दिए।

आधुनिक तकनीक और पुरखों का ज्ञान जल संकट का सच्चा समाधान

जल संकट आज दुनिया के सबसे गंभीर मुद्दों में से एक है। बढ़ती जनसंख्या, अनियंत्रित औद्योगीकरण और जलवायु परिवर्तन ने पानी की उपलब्धता पर गंभीर प्रभाव डाला है। इस संकट से निपटने के लिए हमें परंपरागत जल संरक्षण तकनीकों, आधुनिक विज्ञान और तकनीक के समन्वय की आवश्यकता है। जल संरक्षण का अर्थ है पानी के स्रोतों का समझदारी से प्रबंधन करना, ताकि भविष्य में पानी की कमी न हो। भारत के पास दुनिया का केवल चार फीसदी मीठा पानी है, लेकिन देश की 18 फीसदी आबादी जल संकट से जूझ रही है। इस समस्या को हल करने के लिए सरकार और समुदायों की भागीदारी जरूरी है। आंध्र प्रदेश में जल शक्ति अभियान और नीरू-चेट्टू जैसी योजनाओं ने पानी की उपलब्धता बढ़ाने में मदद की है। स्थानीय समुदाय अपने पारंपरिक ज्ञान और नए तकनीकी उपायों को अपनाकर पानी का बेहतर उपयोग कर सकते हैं। महाराष्ट्र का हिवरे बाजार मॉडल गांव में पारंपरिक और आधुनिक तकनीक का उपयोग करके भू-जल स्तर बढ़ाया गया। वर्षा जल संचयन और कुओं की सफाई से यहा जल उपलब्धता बढ़ी। राजस्थान की जोहड़ प्रणाली से राजस्थान में छोटे-छोटे तालाबों (जोहड़) के निर्माण से भू-जल स्तर सुधरा और सूखे की समस्या कम हुई। उत्तराखंड की चाल-खाल प्रणाली भी कारगर है। इसके अंतर्गत छोटे जलाशय वर्षा जल को संग्रहीत कर भू-जल पुनर्भरण में मदद करते हैं। पानी के कुशल उपयोग के लिए पारंपरिक तरीकों और नई तकनीकों को अपनाना जरूरी हैं। नागालैंड की जाबो कृषि पद्धति भी सफल है। यह विधि बारिश के पानी को इकट्ठा कर खेती के लिए उपयोग करती है, जिससे सूखे की मार कम होती है। राजस्थान के टांके वर्षा जल संग्रहण के लिए बनाए गए छोटे जल भंडार हैं, जिनमें अब आधुनिक निस्पंदन तकनीक भी जोड़ी जा रही है। तमिलनाडु में एरियों (तालाब) प्रणाली भी वर्षा जल को संग्रहित कर सिंचाई और पेयजल आपूर्ति में मदद करती है। जल संरक्षण के लिए जंगल, नदी, तालाब और मिट्टी को संतुलित बनाए रखना जरूरी है। राजस्थान में ओरण (पवित्र वन) क्षेत्रों में जल स्रोतों और जैव विविधता की सुरक्षा होती है, जिससे मरुस्थलीकरण को रोका जाता है। मेघालय की झरना पुनरुद्धार परियोजना के तहत वनों और जलग्रहण क्षेत्रों को पुनर्जीवित किया जा रहा है, जिससे जल स्रोत संरक्षित हो रहे हैं। मध्य प्रदेश में नर्मदा सेवा यात्रा पहल का उद्देश्य नर्मदा नदी के किनारे पेड़ लगाकर जल संरक्षण और पर्यावरण सुधार को बढ़ावा देना है। महाराष्ट्र की पानी पंचायतें और झारखंड की ग्राम सभाएं जल संसाधनों के न्यायसंगत उपयोग को सुनिश्चित कर रही हैं। जलवायु परिवर्तन और अनियमित बारिश जल संकट को बढ़ा सकते हैं। ऐसे में परंपरागत जल संरक्षण प्रणालियां मददगार साबित हो सकती हैं। बुंदेलखंड में सूखा राहत कार्य के अंतर्गत तालाबों के पुनर्निर्माण और वर्षा जल संचयन से इस क्षेत्र में पानी की समस्या कम हो रही है। लद्दाख में सर्दियों में कृत्रिम हिमनद बनाए जाते हैं, ताकि गर्मियों में इनसे पानी मिलता रहे। हालांकि, बढ़ते तापमान से यह विधि चुनौतियों का सामना कर रही है। गुजरात में वाडी प्रणाली के तहत जल संरक्षण के लिए टपक सिंचाई और बहुफसलीय खेती अपनाई जाती है। जलवायु परिवर्तन, औद्योगिक प्रदूषण, असमान जल वितरण और सरकारी योजनाओं में पारंपरिक प्रणालियों की अनदेखी प्रमुख बाधाएं हैं। समुदायों को जल संसाधनों के प्रबंधन में अधिकार मिलना चाहिए ताकि वे जल को संधारणीय रूप से उपयोग कर सकें। महाराष्ट्र की पानी पंचायतें इन पंचायतों के माध्यम से किसानों को पानी का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करती हैं। झारखंड में ग्राम सभा अधिनियम के तहत गांव की सभाएं छोटे जलाशयों का प्रबंधन कर रही हैं। ओडिशा में पाणी पंचायत योजना सामुदायिक भागीदारी से जल प्रबंधन को बढ़ावा देती है। कई बार देश में शहरों को अधिक पानी दिया जाता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में कमी हो जाती है। उदाहरण के लिए, चेन्नई के लिए आसपास के गांवों से पानी लिया जाता है, जिससे किसानों को परेशानी होती है। हिमालय के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे गंगा जैसी नदियों का प्रवाह कम हो रहा है और जल संकट बढ़ रहा है। पारंपरिक जल संरक्षण प्रणालियों को सरकारी योजनाओं में ज्यादा महत्व नहीं दिया जाता। कई उद्योग अपशिष्ट जल को नदियों और तालाबों में छोड़ देते हैं, जिससे जल स्रोत दूषित हो जाते हैं। इसलिए परंपरागत जल संरक्षण प्रणालियों को कानूनी दर्जा मिलना चाहिए। वैज्ञानिक संस्थानों, सरकारी एजेंसियों और स्थानीय समुदायों के बीच साझेदारी को मजबूत करना चाहिए। आईआईटी मद्रास ग्रामीण इलाकों में वर्षा जल संचयन के लिए तकनीकी सहायता दे रहा है। जल प्रबंधन योजनाओं में स्थानीय लोगों की भागीदारी बढ़ानी चाहिए। जल, जंगल और भूमि को एक साथ जोड़कर संरक्षण योजनाएं बनानी चाहिए। आधुनिक तकनीकों और पारंपरिक ज्ञान को मिलाकर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने की रणनीति बनाई जानी चाहिए। शहरी जल पुनर्चक्रण के लिए शहरों में अपशिष्ट जल को पुनः उपयोग में लाने की प्रणाली विकसित करनी चाहिए। जल संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें समुदायों की भागीदारी भी बहुत जरूरी है। पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक तकनीक को मिलाकर जल संसाधनों का कुशल प्रबंधन किया जा सकता है। जल शक्ति अभियान और मनरेगा जैसी योजनाओं के साथ एआई आधारित निगरानी प्रणाली को जोड़कर जल संरक्षण को और प्रभावी बनाया जा सकता है।

नैतिक पतन के चलते खतरे में इंसानी रिश्ते

ANALYSIS

✍ डॉ. सत्यवान सौरभ

ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। लेकिन, यह भी ध्यान देने की बात है कि नकारात्मक घटनाएं समाचारों में ज्यादा दिखाई देती हैं, क्योंकि वे लोगों का ध्यान आकर्षित करती हैं। समाज में आज भी बहुत से लोग हैं, जो प्रेम, सहयोग और नैतिकता से भरे हुए हैं। हमें जरूरत है कि हम अच्छाई को भी उतना ही महत्त्व दें और समाज को बेहतर बनाने की दिशा में काम करें। इस पतन के कारणों को समझकर समाधान निकालना जरूरी है- परिवारों में संवाद बढ़ाना, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना, नैतिक शिक्षा को मजबूत करना और अपराध रोकने के लिए सख्त कदम उठाना। हमें यह भी सोचना होगा कि हम किस तरह के मूल्यों को बढ़ावा दे रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसा समाज बना रहे हैं। समाज के पतन को पूरी तरह रोकना कठिन हो सकता है, लेकिन हम सब मिलकर इसे धीमा कर सकते हैं और सही दिशा में मोड़ सकते हैं। आज के समय में जब हम समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर नजर डालते हैं तो चारों ओर अपराध, धोखा, हिंसा और नैतिक पतन की खबरें देखने को मिलती हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि समाज घोर कलयुग के प्रभाव में प्रवेश कर चुका है।

समाज में कितना पतन बाकी है, यह सुनकर दिल दहल जाता है कि कोई बेटा अपने ही माता-पिता की इतनी निर्ममता से हत्या कर सकता है। महिला ने जेठ के साथ मिलकर अपने दो वर्ष के बेटे को मरवा दिया। पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर मर्चेंट नेवी में अफसर पति के टुकड़े-टुकड़े कर ड्रम में डाल दिया। पिता ने नौकर से अपने बेटे की हत्या करवाई। ये कुछ वारदात तो बानगी भर हैं। दरअसल, नैतिक पतन के चलते इस तरह की खबरें अब आम हो रही हैं। ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। लेकिन, यह भी ध्यान देने की बात है कि नकारात्मक घटनाएं समाचारों में ज्यादा दिखाई देती हैं, क्योंकि वे लोगों का ध्यान आकर्षित करती हैं। समाज में आज भी बहुत से लोग हैं, जो प्रेम, सहयोग और नैतिकता से भरे हुए हैं। हमें जरूरत है कि हम अच्छाई को भी उतना ही महत्त्व दें और समाज को बेहतर बनाने की दिशा में काम करें। इस पतन के कारणों को समझकर समाधान निकालना जरूरी है- परिवारों में संवाद बढ़ाना, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना, नैतिक शिक्षा को मजबूत करना और अपराध रोकने के लिए सख्त कदम उठाना। हमें यह भी सोचना होगा कि हम किस तरह के मूल्यों को बढ़ावा दे रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसा समाज बना रहे हैं। समाज के पतन को पूरी तरह रोकना कठिन हो सकता है, लेकिन हम सब मिलकर इसे धीमा कर सकते हैं और सही दिशा में मोड़ सकते हैं। आज के समय में जब हम समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर नजर डालते हैं तो चारों ओर

अपराध, धोखा, हिंसा और नैतिक पतन की खबरें देखने को मिलती हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि समाज घोर कलयुग के प्रभाव में प्रवेश कर चुका है। पारिवारिक संबंधों में विश्वास की कमी, नैतिक मूल्यों का ह्रास और भौतिक सुखों की अंधी दौड़ ने मानवीय संवेदनाओं को कमजोर कर दिया है। समाज में नैतिकता, रिश्तों की अहमियत और मानवीय संवेदनाएं धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही हैं। हत्या, विश्वासघात, स्वार्थ, लालच और नैतिक पतन की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। यह देखकर ऐसा लगता है कि समाज एक अंधकारमय दौर की ओर बढ़ रहा है। ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। समाज में जिस तरह से नैतिक पतन बढ़ रहा है, वह केवल अपराधों की संख्या नहीं, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक ताने-बाने के टूटने का संकेत भी देता है। समाज में रिश्तों की अहमियत धीरे-धीरे कम होती जा रही है और इसके कई कारण हो सकते हैं। पहले जहां रिश्तों में अपनापन, विश्वास और त्याग होता था, वहीं अब स्वार्थ, लालच और दिखावे ने उनकी जगह ले ली है। माता-पिता, भाई-बहन, पति-पत्नी और दोस्तों के बीच भी आजकल स्वार्थ और लालच हावी होता जा रहा है। परिवार, जो पहले प्रेम और सहयोग का केंद्र हुआ करता था, अब झगड़ों और आपसी मतभेदों का शिकार बनता जा रहा है। छोटी-छोटी बातों पर हत्या, बलात्कार, लूटपाट और धोखाधड़ी जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। परिवार के सदस्य तक एक-दूसरे के जीवन को खतरे में डाल रहे हैं। लोग नैतिकता और ईमानदारी को छोड़कर किसी भी तरह से धन और सफलता प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं, चाहे उसके लिए उन्हें किसी का शोषण ही क्यों न करना पड़े। पहले लोग जीवन में धैर्य रखते थे, कठिनाइयों को सहन करते थे, लेकिन आजकल गुस्सा और अधीरता लोगों पर हावी हो गई है। छोटे-छोटे विवाद हिंसक रूप लेने लगे हैं। धर्म केवल दिखावे का साधन बनता जा रहा है, जबकि नैतिकता और ईमानदारी की कीमत घटती जा रही है। लोग दूसरों को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं, लेकिन खुद सही राह पर नहीं चलते। पहले संयुक्त परिवार होते थे, जहां बुजुर्गों का मार्गदर्शन रहता था, लेकिन अब व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आधुनिकता के नाम पर पारिवारिक मूल्यों में कमी आ रही है। आर्थिक दबाव, रिश्तों में तनाव और व्यक्तिगत इच्छाओं के टकराव से लोग मानसिक रूप से अस्थिर हो रहे हैं, जिससे वे गलत फैसले लेते हैं। इंटरनेट पर हिंसा, अपराध और अनैतिकता को कहीं न कहीं सामान्य बना दिया गया है। लोग बिना सोचे-समझे घातक कदम उठा लेते हैं। स्कूलों और परिवारों में बच्चों को सही और गलत का फर्क कम सिखाया जा रहा है। लालच, ईर्ष्या और व्यक्तिगत स्वार्थ बढ़ रहे हैं। अपराधी जानते हैं कि सजा मिलने में देरी होगी या बचने का रास्ता मिल जाएगा, जिससे अपराधों की संख्या बढ़ रही है। अब सवाल है कि इस नैतिक गिरावट को कैसे खत्म किया जाए। दरअसल, यदि परिवार, समाज और सरकार मिलकर सही कदम उठाएं, तो इस गिरावट को रोका जा सकता है। पारिवारिक मूल्यों को पुनर्जीवित करने के लिए माता-पिता को बच्चों के साथ समय बिताना चाहिए। उन्हें नैतिक शिक्षा देनी चाहिए और सही-गलत का फर्क समझाना चाहिए। तनाव, अवसाद और गुस्से से जुड़ी समस्याओं को नजरअंदाज न किया जाए। जरूरत हो तो थैरेपी और काउंसलिंग को अपनाया जाए। अपराधियों को कड़ी सजा मिले और कानूनी प्रक्रिया तेज हो, ताकि अपराधियों में डर बना रहे। सकारात्मक कहानियों और नैतिकता से जुड़े कंटेंट को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे समाज में अच्छे मूल्यों की प्रेरणा मिले। स्कूलों में नैतिक शिक्षा, सहानुभूति और सामाजिक मूल्यों पर जोर दिया जाए। समाज में नैतिकता और इंसानियत बनाए रखने के लिए हम सबको अपनी ज़िम्मेदारी निभानी होगी। यह केवल सरकार या कानून का काम नहीं है, बल्कि हर व्यक्ति को अपने स्तर पर बदलाव लाने की जरूरत है। स्पष्ट है कि घोर कलयुग के इस समय में भी अगर हम अपने कर्मों को सही दिशा में रखें, तो यह अंधकार थोड़ा कम हो सकता है। समाज में नैतिकता और इंसानियत बनाए रखने के लिए हमें खुद से शुरूआत करनी होगी। हम केवल सरकार और कानून व्यवस्था को दोष नहीं दे सकते, बल्कि हमें अपने व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में बदलाव लाने होंगे। घोर कलयुग के इस समय में भी यदि हम अपने कर्मों को सही दिशा में रखें, तो समाज में अच्छाई का पुनर्जागरण संभव है। हमें यह तय करना होगा कि हम इस अंधकार में खो जाना चाहते हैं या फिर अपने प्रयासों से रोशनी की एक नई किरण लाना चाहते हैं।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

यमुना की सफाई और दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने की बड़ी चुनौती

27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 25 मार्च को बतौर वित्तमंत्री एक लाख करोड़ का बजट पेश करके अपनी सरकार के कामकाज की दिशा तय की। दिल्ली के लिए यह ऐतिहासिक बजट माना जा रहा है। बजट में उन सभी कामों के लिए आवंटन किया गया है, जिनके वायदे भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान किए थे। कुछ पर तो काम भी शुरू हो गया है और कुछ पर आने वाले दिनों में काम शुरू होने के संकेत हैं। मुख्यमंत्री ने पिछले बजट से करीब 31.5 फीसदी की बढ़ोतरी की है और उनका दावा है कि इस वित्तीय साल में राजस्व भी 58,750 करोड़ रुपये के मुकाबले 68,000 करोड़ रुपये मिलने वाला है। वैसे तो हर काम में पैसे के साथ-साथ पूरी तैयारी और चौकसी जरूरी है लेकिन यमुना की सफाई के साथ-साथ पानी का संकट दूर करने और दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने की बहुत बड़ी चुनौती है। ये सभी काम केवल पैसे से न होंगे। विधानसभा चुनाव के दौरान अन्य मुद्दों से ज्यादा ये दोनों मुद्दे प्रभावी रहे। सरकार बनते ही मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों के साथ यमुना की आरती में शामिल हुईं और यमुना को साफ करने का संकल्प दोहराया। यमुना का पानी मानक के हिसाब से तो यमुनोत्री के आगे कुछ ही दूर तक साफ है, लेकिन दिल्ली में पल्ला बांध (वजीराबाद) से ओखला यानी 22 किलोमीटर तो गंदे नाले से भी बदतर हाल में है। इसको साफ करने के नाम पर वर्षों से करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। इस सरकार ने बजट में यमुना की सफाई के लिए नौ हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। यह वर्षों से प्रयास किया जा रहा है कि यमुना में गंदा पानी जाने से रोका जाए। यमुना को साफ कर उसे अहमदाबाद के साबरमती नदी की तरह विकसित की जाए। यमुना के किनारे कोयले बिजली बनाने वाले संयंत्र सालों पहले बंद करा दिए गए। औद्योगिक कचरे या सीवर के गंदे पानी को साफ करने वाले संयंत्रों के माध्यम से साफ करके ही पानी यमुना में जाने दिया जाए। यमुना को प्रदूषित करने में अव्वल माने जाने वाले नजफगढ़ नाले में इंटरसेप्टर लगवाया गया। इस बजट में भी नए इंटरसेप्टर का प्रावधान किया गया है। 1994 में जब यमुना के पानी में दिल्ली को तब के मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना ने हिस्सा दिलाया था, तब दिल्ली का हरियाणा के साथ एक और समझौता हुआ था कि हरियाणा जितना पीने का पानी पल्ला बांध पर दिल्ली को देगा, दिल्ली उसे उतना ही पानी ओखला बांध पर सिंचाई के लिए देगी। अभी यमुना का पानी साफ होने को ही दिल्लीवासी सपना मान रहे हैं। अगर ऐसा हो गया तो दिल्ली पानी के मामले काफी आत्मनिर्भर हो जाएगी और यमुना साफ होकर दर्शनीय बन जाएगी। यमुना सफाई जितना ही कठिन काम दिल्ली को प्रदूषण मुक्त या यहां का प्रदूषण स्तर कम करना है। दिल्ली सरकार के बजट में इसको भी प्राथमिकता दी गई है। अलग-अलग तरीके से प्रदूषण नियंत्रित करने की बात कही गई है लेकिन बड़ी बात यह है कि सभी तरह के प्रदूषण (वायु, जल और हवा इत्यादि) के साथ-साथ कचरा और आपदा प्रबंधन के लिए एक ही जगह निगरानी व्यवस्था के लिए साझा केन्द्र (इंट्रीग्रेटेड कमान एंड कंट्रोल सेंटर) बनाने का प्रावधान किया गया है। कहने के लिए 1483 वर्ग किलोमीटर की दिल्ली है लेकिन एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) के शहर दिल्ली से इस कदर जुड़े हुए हैं कि उन सभी को साथ लिए बिना कोई अभियान सफल नहीं हो सकता। केंद्र सरकार के साथ मिलकर दिल्ली के सभी पड़ोसी राज्यों, दिल्ली नगर निगम और दूसरी सरकारी एजेंसियों को साथ लेकर जनता की सक्रिय भागीदारी से इसका समाधान निकाला जा सकता। यह साबित हो चुका है कि केवल आधे कारों को हर रोज सड़क पर आने से रोकने से वायु प्रदूषण में ज्यादा कमी नहीं आने वाली है। दूसरे, सरकारी कुव्यवस्था झेल रहे सार्वजनिक परिवहन प्रणाली इस हालत में भी नहीं है कि दिल्ली सरकार इस तरह के प्रयोग बार-बार कर पाए। गिनती के बचे दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) और सरकार के अधीन चलने वाली बसों की तादाद तुरंत बढ़ानी होगी। इस बजट में सार्वजनिक परिवहन पर 12952 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सरकार ने बिजली से चलने वाली पांच हजार बसें तुरंत खरीदने का वायदा किया है। दिल्ली के चारों ओर ईस्टर्न पेरिफेरियल और वेस्टर्न पेरिफेरियल सड़क बन जाने से दिल्ली होकर एक राज्य से दूसरे राज्य जाने वाले ट्रकों का दिल्ली के भीतर आना कम हुआ है। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने दिल्ली के लिए 50 हजार करोड़ की परियोजना बनाई थी, इसमें ज्यादातर पूरे भी हो गए हैं। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) समेत अनेक अदालतों ने दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए बार-बार कड़े आदेश दिए हैं। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की एक बड़ी वजह पराली जलाना भी माना जाता है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के किसान खेत में फसलों के अवशेष जलाते हैं, जिसका धुआं दिल्ली पर छा जाता है। अदालती आदेश के बाद सरकारों ने पराली न जलाने और पराली के दूसरे बेहतर उपयोग के प्रयास शुरू किए हैं। इसी तरह एनजीटी ने पेट्रोल से चलने वाली 15 साल पुरानी और डीजल से चलने वाली 10 साल पुरानी कारों पर पाबंदी लगा दी है। बावजूद इसके, प्रदूषण कम होता नहीं दिख रहा है। दिल्ली में पहले भी सारे व्यावसायिक वाहनों को अदालती आदेश से सीएनजी पर चलाया जा रहा है। हालात एक दिन में खराब नहीं हुए हैं। कुप्रबंधन एवं सरकारी लापरवाही ने दिल्ली के हालात बदतर बना दिए और सुधार के आसार दिख नहीं रहे। सुप्रीम कोर्ट ने 28 जुलाई 1998 को आदेश दिया कि दिल्ली में चलने वाली सभी बसों को धीरे-धीरे सीएनजी पर लाया जाए। इसकी तारीख 31 मार्च 2001 तय की गई। सरकारें एक- दूसरे पर जिम्मेदारी टालती रही तो अप्रैल 2002 में सुप्रीम कोर्ट ने दोबारा सख्त आदेश दिए।

Social Media Corner

सच के हक में...

बिहार के युवाओं में जोश है, कुछ कर दिखाने का - और सरकार के खिलाफ आक्रोश है, उन्हें अवसर और समर्थन नहीं दिलाने का। पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा में आज बेगूसराय की सड़कों पर हजारों युवाओं की भावना, उनका कष्ट और संकल्प साफ दिखा। बेरोजगारी और पलायन के खिलाफ ये आवाज अब बदलाव की पुकार बन चुकी है। बिहार अब चुप नहीं बैठेगा, युवा और अन्याय नहीं सहेगा - अपने अधिकार, रोजगार और न्याय की लड़ाई डट कर लड़ेगा।

(राहुल गांधी का 'एक्स' पर पोस्ट)

रिम्स में आवश्यक दवाएं लंबे समय से उपलब्ध नहीं हैं। मजबूरी में गरीब मरीजों को बाहर की निजी दुकानों से महंगे दामों पर दवा खरीदनी पड़ रही है। ये वही दुकानें हैं जो रिम्स के ठीक पास स्थित हैं और कुछ साल पहले ही खुले हैं। ऐसा लगता है कि रिम्स में जानबूझकर दवाओं की कमी की जा रही है ताकि मरीज इन निजी दुकानों की ओर रुख करें। रिम्स प्रबंधन और निजी दवा दुकानदारों के संगठित मेडिकल माफिया तंत्र को सरकार का भी संरक्षण प्राप्त है। जब सरकारी अस्पतालों में दवा ही नहीं होगी, तो आम आदमी कहां जाएगा? सरकार को मेडिकल माफियाओं पर लगाम कसनी होगी ताकि रिम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की साख बची रहे।

(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी 'एक्स' पर पोस्ट)

सार्क जैसा न बनने पाए बिम्सटेक

पिछली सदी के अंतिम दशक में स्थापित वैश्विक आर्थिक व्यवस्था, जिसने व्यापार और बहुपक्षीय संगठनों के माध्यम से शांति और स्थिरता बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई थी, अब तेजी से बदल रही है। एक ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नए टैरिफ की घोषणा के चलते वैश्विक बाजारों में हलचल मची है तो दूसरी ओर अमेरिका को चुनौती देने के लिए तैयार चीन अपने आक्रामक रवैये से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए विभिन्न आर्थिक और सामरिक नीतियां अपना रहा है। ऐसे में बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल यानी बिम्सटेक देशों के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वे न केवल आर्थिक सहयोग को मजबूत करें, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने के लिए सुरक्षा रणनीतियों पर भी ध्यान दें, क्योंकि नए भू-राजनीतिक एवं आर्थिक परिदृश्य में बंगाल की खाड़ी के क्षेत्र का इन सभी परिवर्तनों से प्रभावित होना तय है। तमाम बाहरी चुनौतियों के अलावा इस समय बिम्सटेक देशों में आंतरिक उथल-पुथल मची हुई है। म्यांमार और थाइलैंड में भूकंप ने जान-माल को भारी क्षति पहुंचाई तो बांग्लादेश राजनीतिक अस्थिरता का सामना कर रहा है। इन चुनौतियों के बीच बांग्लादेश भारत से बैर रखने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की हालिया चीन यात्रा के दौरान पूर्वोत्तर भारत को लेकर की गई अप्रिय टिप्पणी ने भारत-बांग्लादेश संबंधों में तनाव बढ़ा दिया। इस तनाव का प्रभाव छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भी स्पष्ट दिखा। भारत, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, थाइलैंड एवं म्यांमार बिम्सटेक के सदस्य हैं। जब दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन यानी सार्क भारत-पाकिस्तान तनाव के चलते लगभग निष्क्रिय हो चुका है, तब सार्क के पांच सदस्य देशों का बिम्सटेक के मंच पर साथ आना नए अवसरों का संकेत है। हालांकि ऐसी भौगोलिक संरचना में जहां भारत केंद्र में हो और बांग्लादेश एवं नेपाल जैसे देश भारत विरोधी रवैया अपनाते रहे हों, क्या वहां बिम्सटेक वास्तव में क्षेत्रीय प्रगति, जुड़ाव और आर्थिक एकीकरण को गति दे सकता है। बिम्सटेक की उपयोगिता और भारत की प्रतिबद्धता को लेकर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि बंगाल की खाड़ी से जुड़े देशों को ऐतिहासिक मतभेद पीछे छोड़कर नई संभावनाओं की ओर बढ़ना होगा, क्योंकि यह क्षेत्र भू-राजनीतिक, आर्थिक और सामरिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है और यहां उपजा कोई संकट पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र को प्रभावित करेगा। इसलिए, बिम्सटेक देशों को क्षेत्रीय सहयोग और सामूहिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। चूंकि बिम्सटेक के कई देश आंतरिक रूप से भी विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, इसलिए क्षेत्रीय एकजुटता उनके लिए और अपरिहार्य हो जाती है। इन्हीं चुनौतियों के बीच थाइलैंड में आयोजित बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी की ओर से पेश 21 सूत्रीय कार्ययोजना को अपनाने पर सहमति बनी। इसमें प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, ऊर्जा और युवा कौशल विकास, संपर्क और सांस्कृतिक आदान-प्रदान, सुरक्षा और अंतरिक्ष सहयोग, आपदा प्रबंधन, व्यापार, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना को मजबूत करना शामिल है। यह कार्ययोजना सदस्य देशों के समक्ष वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों के प्रति एक मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस शिखर सम्मेलन का मुख्य आकर्षण बैंकाक विजन 2030 रहा, जो आर्थिक एकीकरण, संपर्क और मानव सुरक्षा को मजबूत करने पर केंद्रित है। इसके अलावा ह्यप्रो-बिम्सटेकह्न की पहल भी है, जो बिम्सटेक को समृद्ध, सशक्त और खुला क्षेत्र बनाने की रणनीति प्रस्तुत करती है। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय के तहत भारत में सतत समुद्री परिवहन केंद्र की स्थापना की घोषणा की गई। इस सबके बाद भी इसकी अनदेखी नहीं कर सकते कि इस समूह में विश्वास की कमी के चलते बिम्सटेक चार्टर को अपनाने में देरी हुई है। यह क्षेत्र आर्थिक रूप से सबसे कम जुड़ाव वाला रहा है। सदस्य देशों के बीच क्षेत्रीय व्यापार का महज छह प्रतिशत होना इसका एक प्रमाण है।

अमेरिका का पीछे हटना

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल को वाशिंगटन में वैश्विक व्यापार के साथ जो किया, वह 1971 में राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन द्वारा स्थापित किए गए एक विघटनकारी मिसाल का प्रतिबिंब है। उस साल 15 अगस्त को निक्सन ने अमेरिकी डॉलर की सोने में परिवर्तनीयता के अस्थायी स्थगन का एलान करके पूरी दुनिया को चौंका दिया था। उस कदम ने ब्रेटन वुड्स ढांचे को कारगर ढंग से नष्ट कर दिया था। इस ढांचे को 1944 में निपट एकतरफा तरीके से तैयार किया गया था, जिसके चलते विश्व बैंक व अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की स्थापना हुई थी और वैश्विक मुद्रा स्थिरता, जो भुगतान संतुलन के संकट से निपटने और पूर्व औपनिवेशिक शक्तियों के पुनर्निर्माण प्रयासों को वित्तपोषित करने का एक रास्ता था, को एक सहारा प्रदान किया गया था। भले ही इस उपाय का एलान एक अस्थायी कदम के तौर पर किया गया था, लेकिन यह स्थायी बन गया और इसने वैश्विक वित्तीय प्रणाली को उलट दिया, क्योंकि विभिन्न राष्ट्र वित्तीय बाजार में अस्थिरता के एक नए युग की ओर अग्रसर हुए। ठीक इसी तरह, ट्रंप के पारस्परिक शुल्क (टैरिफ) लगाने के कदम ने तुरंत ही वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता की शुरूआत कर दी है, जिसका पूरा असर आने वाले महीनों और सालों में महसूस किया जाएगा। व्यापार संबंधों में एकतरफा बदलाव करके, उन्होंने परस्पर जुड़े वैश्विक वाणिज्य की उस प्रणाली को बाधित कर दिया है, जिसे अमेरिका ने युद्ध के बाद के युग में बनाने में मदद की थी। अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया सदमे और चिंता वाली रही है। संयुक्त राज्य अमेरिका विनिर्मित सामानों का दुनिया का सबसे बड़ा आयातक है और 2023 में कुल वैश्विक आयात में इसकी हिस्सेदारी लगभग 13 फीसदी की थी। नए शुल्क आपूर्ति श्रृंखलाओं का मार्ग बदल देंगे और दुनिया के बाकी देशों को अपनी निर्यात संबंधी रणनीतियों में विविधता लाने के लिए मजबूर करेंगे। तात्कालिक अवधि में, अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए आयात की लागत बढ़ जाएगी, जिससे मांग कम हो जाएगी।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

Universe: Meaningful living and dying

Water always runs downhill. It is impossible that it will ever run uphill. Almost without our noticing it, our lives run out. Those of us who accept the value of spiritual practice may think about our future lives, but in our hearts we focus principally on the purposes of this life. This is how we become confused and entrapped in the cycle of existence. We waste our lives. Right from the time of our birth, we are approaching death. Yet, we spend our lives mainly amassing food, clothing, and friends. At the time of death, we have to leave all of this behind. We have to travel to the next world alone, unaccompanied.

The only thing that will benefit us is if we have undertaken some spiritual practice and have left some positive imprints within our minds.

